
MPHIN/2021/83938



दैनिक
# पुष्पांजली टुडे



नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 309 | ग्वालियर , 01 सितम्बर शुक्रवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

# मणिपुर में फिर हिंसा, 72 घंटों में 5 लोगों की मौत और 18 जख्मी

मणिपुर में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है. ताजा गोलीबारी में अब तक पांच लोगों की मौत हो गई है. अधिकारियों ने गुरुवार (31 अगस्त) को बताया कि मणिपुर के बिष्णुपुरजिलों में पिछले 72 घंटों में दो समुदायों के बीच लगातार गोलीबारी के बाद कम से कम पांच लोग मारे गए. इस दौरान 18 घायल हो गए हैं. अधिकारी ने कहा कि बिष्णुपुर जिले के खोइरेंटक की तलहटी और चुराचांदपुर जिले के चिंगफेई और खौसाबुंग इलाकों में गोलीबारी जारी है. न्यूज़ एजेंसी पीटीआई के अनुसार, अधिकारी ने बताया कि हिंसा मंगलवार (29 अगस्त) को शुरू हुई जब खोइरेंटक इलाके में भारी गोलीबारी के बाद लगभग 30 साल के एक ग्रामीण वालंटियर की मौत हो गई थी.

**गुरुवार सुबह फिर शुरू हुई गोलीबारी-** उन्होंने बताया कि बुधवार शाम से कुछ घंटों की शांति के बाद गुरुवार सुबह फिर दोनों समूहों के बीच गोलीबारी शुरू हो गई. अधिकारियों ने बताया कि बुधवार की हिंसा में घायल एक व्यक्ति की मिजोरम के रास्ते गुवाहाटी जाते समय रास्ते में मौत हो गई थी. एक अन्य घायल व्यक्ति की भी गुरुवार सुबह करीब नौ बजे चुराचांदपुर जिला अस्पताल में मौत हो गई, जहां उसका इलाज चल रहा था.

**आईटीएलएफ ने किया बंद का आह्वान** -अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को बिष्णुपुर के नारायणसेना गांव के पास हिंसा की अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई और छह घायल हो गए थे. सूत्रों ने बताया कि एक पीड़ित की गोली लगने से मौत हो गई, जबकि दूसरे की मौत उस समय हुई जब उसी की देशी बंदूक से गोली चल गई और उसके चेहरे पर लगी. इस बीच, इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) ने हिंसा में मरने वालों की संख्या पांच होने पर चुराचांदपुर में तुरंत आपातकालीन बंद का आह्वान किया है.आईटीएलएफ के एक बयान में कहा है कि पानी और चिकित्सा आपूर्ति सहित आवश्यक सेवाओं को बंद से छूट दी गई है. आईटीएलएफ ने साथ ही दावा किया कि पीड़ितों में गायक एलएस मंगबोई लुंगडिम (50) भी शामिल हैं, जिन्होंने 3 मई को मणिपुर में जातीय हिंसा भड़कने के बाद एक




गीत तैयार किया था. आईटीएलएफ ने सरकार से लूटे गए हथियारों को सर्च करने का भी आग्रह किया है.

**पुलिस ने चलाया तलाशी अभियान-** मणिपुर पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया कि सुरक्षा बलों की ओर से कांगपोकपी, थौबल, चुराचांदपुर और इंफाल-पश्चिम जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान चलाया गया. इस दौरान पांच हथियार, 31 गोला-बारूद, 19 विस्फोटक, आईईडी सामग्री के तीन पैक बरामद किए गए. पुलिस ने अलग-अलग जिलों में 130 नाके भी लगाए हैं और नियमों का उल्लंघन करने पर 1,646 लोगों को हिरासत में लिया है.

**मणिपुर में तीन मई को भड़की थी हिंसा-** गौरतलब है कि मणिपुर में अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मैतई समुदाय की मांग के विरोध में बीती तीन मई को आदिवासी एकजुटता मार्च का आयोजन किया गया था. जिसके बाद राज्य में जातीय हिंसा भड़क गई छी. जिसमें अब तक 160 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है.

## विदेशी मेहमानों की तरह ही दिल्ली वासियों के लिए भी कड़ी सुरक्षा नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के भजनपुरा में

मंगलवार की रात सरेआम एक युवक की गोली मारकर हत्या किए जाने पर आम आदमी पार्टी (क्क) ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़ा किया है.क्क की राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि दिल्ली में आपराधिक घटनाएं अब समान्य बात हो गई हैं. युवक की सरेआम हत्या इस बात का उदाहरण है.उन्होंने केंद्र सरकार और एलजी वीके सक्सेना से दिल्ली में रहने वाले लोगों के लिए भी विदेशी मेहमानों की तरह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था करने की मांग की है.उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोगों की जिंदगी की कीमत हमारे वीआईपी मेहमानों से कम है क्या? अगर ऐसा नहीं है तो फिर उनके लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था क्यों नहीं की जा रही है? केंद्र सरकार जी-20 में आने वाले मेहमानों के लिए जैसी सुरक्षा व्यवस्था कर रही है, वैसी ही सुरक्षा दिल्ली वालों को भी दी जा सकती है, लेकिन केंद्र की नीयत ठीक नहीं है.आम आदमी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता ने पार्टी मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि दिल्ली के लोग बड़ी ईमानदारी से देश के अन्य राज्यों की तुलना में ज्यादा टैक्स देते हैं और बदले में लोग अपनी सुरक्षा चाहते हैं. दिल्ली में कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी केंद्र और भाजपा के एजेंट एलजी के पास है.




**दिल्ली में 15 हजार पुलिसकर्मियों की कमी-** उन्होंने कहा कि दिल्ली में करीब 15 हजार पुलिसकर्मियों की कमी है. जब मई 2022 में वीके सक्सेना दिल्ली के एलजी बनाए गए, तब उनसे उम्मीद की गई थी कि वह कानून व्यवस्था में सुधार करेंगे. साथ ही पुलिस विभाग में रिक्त पदों पर भर्ती भी करेंगे. दिल्ली के कामों का क्रेडिट लेने के अलावा कानून व्यवस्था एलजी की बड़ी जिम्मेदारी थी, लेकिन बीजेपी के एजेंट एलजी ने दिल्ली के लोगों को मुफ्तखोर कह कर अपमानित करते रहे.

**दिल्ली में अपराध समान्य बात हो गई है-** प्रियंका कक्कड़ ने मीडिया से कहा कि दिल्ली में अपराध बहुत समान्य सी बात हो गई है. यह चिंता का विषय है. मीडिया रिपोर्ट से पता चला है कि मंगलवार की रात हरप्रीत गिल नामक युवक और उनके मामा को नॉर्थ ईस्ट दिल्ली में भजनपुरा थाने के सामने पांच लोगों ने घेरकर .गोली मार दी और अस्पताल जाते वक्त उनकी मृत्यु हो गई,

## विपक्षी गठबंधन, की मीटिंग पर क्या कुछ कह रही है बीजेपी?

लोकसभा चुनाव को देखते हुए विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की मुंबई में गुरुवार (31 अगस्त) से दो दिवसीय बैठक शुरू हो रही है. इस बीच बीजेपी ने इंडिया पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग स्वार्थ के लिए एकजुट हुए हैं. बीजेपी नेता और महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा, इंडिया गठबंधन का कोई असर नहीं होने वाला. ये सारे लोग मुंबई में आए हैं और इनका एजेंडा पीएम मोदी को हटाना है. ये एजेंडा इसलिए है क्योंकि परिवारवादी पार्टियों को दुकानों पर ताला लगाने का काम उन्होंने किया है उन्होंने दावा किया कि जो इन परिवारवादी पार्टियों की सेवा करते हैं उन्हें लोग नकार रहे हैं. ये कितना भी प्रयास करें, लेकिन पीएम मोदी को लोगों को मन से निकल नहीं सकते. फडणवीस ने आगे कहा कि इनके (विपक्षी गठबंधन इंडिया) के पास पीएम मोदी के लिए कोई तोड़ नहीं है. ऐसे में ये सिर्फ मीडिया इवेंट हो रहा है. हम ये सब इसे देख रहे हैं.

**बीजेपी क्या बोली-** महाराष्ट्र बीजेपी के चीफ चंद्रशेखर बावनकुले ने नागपुर में कहा, बिना बारूद का बम है जो





फटेगा ही नहीं. हम लोगों के घरों में जा रहे हैं और इंडिया गठबंधन एक होटल में अपनी बैठक कर रहा है. वे मीटिंग करेंगे. दो दिनों तक मौज-मस्ती करेंगे और वापस चले जाएंगे. ÷ उन्होंने कहा कि बीजेपी को 2014 और 2019 से ज्यादा सीट मिलेगी.

**सोनिया गांधी और लालू यादव का किया जिक्र-** बीजेपी प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि कांग्रेस की मिसाइल कभी सफल नहीं होगी, क्योंकि इसमें ईंधन नहीं है. उन्होंने आरोप लगाया कि 'इंडिया' गठबंधन में जिस न्यूनतम साझा कार्यक्रम पर चर्चा हो रही है, वह वास्तव में भ्रष्टाचार से अधिकतम लाभ कमाने के बारे में है क्योंकि ये सभी पार्टियां मिलकर 20 लाख करोड़ रुपये से अधिक के घोटालों में शामिल हैं.

पात्रा ने दावा किया कि सोनिया गांधी और लालू प्रसाद यादव जैसे नेताओं के लिए देश के विकास से ज्यादा महत्वपूर्ण राजनीति में अपने बच्चों का भविष्य संवारना है.

**केंद्रीय मंत्री क्या बोले-** न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा, ''आई.एन.डी.आई.ए के रूप में यूपीए (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) की रीब्रांडिंग करने की कोशिश की गई है, लेकिन यह चलने वाला उत्पाद नहीं है क्योंकि यूपीए की खामियों से लोग भलीभांति परिचित हैं.''

## केंद्र ने बुलाया पांच दिनों का संसद का विशेष सत्र, इन मौकों पर पहले भी हो चुका आयोजित



केंद्र सरकार ने गुरुवार (31 अगस्त) को संसद का विशेष सत्र बुलाने की ऐलान किया है. संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने इस बात की जानकारी दी है. उन्होंने गुरुवार (31 अगस्त) को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि संसद का स्पेशल सेशन 18 से 22 सितंबर को बुलाया गया है. केंद्रीय मंत्री ने बताया कि विशेष सत्र नए संसद भवन में होगा और इसमें पांच बैठकें होगीं. विशेष सत्र को दौरान संसद में 10 से ज्यादा अहम बिल पेश किए जाने की उम्मीद है. यह विशेष सत्र हाल ही में खत्म हुए मानसून सत्र के कुछ ही दिन बाद बुलाया जा रहा है. वैसे यह पहला मौका नहीं है, जब सरकार ने संसद का विशेष सत्र बुलाया हो. इससे पहले भी कई बार स्पेशल सेशन आयोजित किए जा चुके हैं.बता दें कि आमतौर पर एक साल में संसद में तीन सत्र आयोजित किए जाते हैं. इनमें बजट सत्र, मानसून सत्र और शीतकालीन सत्र शामिल हैं. हालांकि, जरूरत पड़ने पर राष्ट्रपति विशेष सत्र बुला सकते हैं. संविधान का अनुच्छेद 85(1) राष्ट्रपति को संसद के प्रत्येक सदन को ऐसे समय पर समन जारी करने का अधिकार देता है.28 फरवरी 1977 को देश में पहली बार विशेष सत्र बुलाया गया. अनुच्छेद 356(4) के तहत तमिलनाडु और नगालैंड में राष्ट्रपति शासन के विस्तार के लिए राज्यसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र आयोजित किया गया था.

# मोदी सरकार ने संसद का विशेष सत्र बुलाकर चौंकाया, विपक्ष ने कहा- पहले से नहीं थी जानकारी, बिलों को लेकर कई अटकलें 7 बड़ी बातें

लोकसभा और विधानसभा चुनाव का मौसम जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, राजनीतिक सरगर्मी भी बढ़ रही है. गुरुवार (31 अगस्त) को ही मोदी सरकार ने चौंकाते हुए संसद का पांच दिनों का विशेष सत्र 18 से 22 सितंबर तक बुलाया. इस स्पेशल सेशन को लेकर कई तरह की अटकलें है. संसद के इस विशेष सत्र के एजेंडे के बारे में आधिकारिक तौर पर कुछ भी नहीं कहा गया है. इस सेशन का आयोजन नई संसद भवन में होगा.हालांकि यह सत्र 9 और 10 सितंबर को दिल्ली में जी20 शिखर बैठक के कुछ दिनों बाद आयोजित होने जा रहा है. साथ ही विशेष सत्र से एक दिन पहले ही यानी कि 17 सितंबर को पीएम मोदी का जन्मदिन होगा. बीजेपी ने पीएम मोदी के जन्मदिन से 2 अक्टूबर को गांधी जयंती तक 16 दिवसीय 'सेवा पखवाड़ा' का आयोजन करने जा रही है जिसमें देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे. बड़ी बातें-

1. संसदीय कार्य मंत्री जोशी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर दोपहर के करीब सवा तीन बजे अपने पोस्ट में लिखा, ''संसद का विशेष सत्र (17वीं लोकसभा का 13वां सत्र और राज्यसभा का 261वां सत्र) 18 से 22 सितंबर को बुलाया गया है. इसमें पांच बैठक होगी. अमृत काल के समय में होने वाले इस सत्र में संसद में सार्थक चर्चा और बहस होने को लेकर आशान्वित हूं.'' इस फैसले पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि हमें पहले से कोई जानकारी नहीं थी. सरकार ने ये फैसला ऐसे समय में लिया है जब मुंबई में विपक्षी गठबंधन %इंडिया% की तीसरी बैठक हो रही है.

2. संसद के विशेष सत्र बुलाए जाने के बाद अटकलें हैं कि मोदी सरकार अपने एजेंडे में शामिल समान नागरिक संहिता (ष्टष्ट), %वन नेशन, वन इलेक्शन% यानी लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एकसाथ कराए जाने से संबंधी बिल और महिला आरक्षण विधेयक समेत अन्य कई महत्वपूर्ण बिलों पर चर्चा करा सकती है. वहीं जब वन नेशन, वन इलेक्शन बिल को लेकर मुंबई में हो रही विपक्षी गठबंधन %इंडिया% की बैठक से इतर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा किन्हें लाने दीजिए, हमारी लड़ाई जारी रहेगी.




3. लोकसभा के पूर्व सचिव पीटीडी आचार्य ने कहा कि पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, राजनीतिक तौर पर कुछ करना हो सकता है. बहुत ही जरूरी विधायी कार्य सरकार करना चाहती हो. एक यह भी हो सकता है कि विधानसभा के साथ लोकसभा चुनाव करानी की बात हो. इसी तरह का अंदेशा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन भी जता चुके हैं. उनका कहना है कि सरकार समय से पहले लोकसभा चुनाव करवा सकती है.

4.सूत्रों ने बताया कि चुनाव आयोग 5 राज्यों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम की विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटा हुआ है और समय पर ही विधानसभा के चुनाव होंगे. लोकसभा चुनाव पहले होने का मसला फिलहाल अभी चुनाव आयोग के सामने नहीं है. इसी वजह से पूरी तैयारी विधानसभा पर केंद्रित है. चुनाव आयोग की तरफ से लोकसभा चुनाव पहले कराये जाने पर अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आयी है. केंद्रीय चुनाव आयोग की टीम गुरुवार को ही मिजोरम दौरे से वापस लौटी है. जहां पर चुनावों की तैयारी को लेकर बैठक की थी.

5. विशेष सत्र को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर अडानी ग्रुप का जिक्र करते हुए निशाना साधा. उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि ये घबराहट की निशानी है. ऐसा ही पैनिक मेरे संसद में बोलने पर हुआ था. इस कारण मेरी संसद सदस्यता रद्द कर दी गई थी. पैनिक इसलिए है क्योंकि मामला पीएम मोदी के नजदीक का है.

6. लोकसभा में नेता कांग्रेस अधीर रंजन चौधरी ने एबीपी न्यूज़ से कहा, %%पता नहीं सरकार की क्या मंशा है. हो सकता है कि पीएम मोदी की कोई नई सोच होगी. पुरानी इमारत से नई इमारत में जाना. पूजा पाठ करना. वगैरह-वगैरह...कोई धमाकेदार कुछ करना. अपना अलग-अलग सोच हो सकता है, लेकिन अजीब लगता है.%%

7. पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे की शिवसेना की नेता और राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने केंद्र सरकार पर हमला करते हुए कहा, %%चोरी से प्रह्लाद जोशी ने निर्णय लिया कि संसद का स्पेशल सेशन 18 से 22 सितंबर तक होगा.

### पिछोर अस्पताल से एंबुलेंस ड्राइवर डेड बॉडी छोड़कर भागा

# मृतक के परिजनों की सहायता पुलिस थाना पिछोर शिवपुरी टीम ने की डेड बॉडी को घर भिजवाया

**राकेश परिहार पिछोर**

**पिछोर,।**अस्पताल से एम्बुलेंस मरीज मोतीराम वंशकार निवासी ग्राम बमना को लेकर इलाज के लिए शिवपुरी गई थी और शिवपुरी के रास्ते सिरसौद चौराहे पर मरीज की हार्ट अटैक की बीमारी से मृत्यु हो गई। मरीज बमना गांव का था मात्र पिछोर से 3 किलोमीटर दूर लेकिन एंबुलेंस का ड्राइवर जिसकी संवेदनशीलता व मानवता मर चुकी थी। डेड बॉडी को ड्राइवर एंबुलेंस का वापस पिछोर ले जाकर के डेड बॉडी व परिवार के सदस्यों को अस्पताल पिछोर में अस्पताल छोड़कर भाग गया ।रात करीब 3ः00 बजे अस्पताल में उपलब्ध एंबुलेंस में किसी ने



भी फोन डेड बॉडी बमना गांव ले जाने के लिए नहीं उठाया। यहां तक मृतक का रिश्तेदारभी अपनी कार लेकर भाग गया क्योंकि डेड बॉडी कार में ले जाना पड़ेगी। मृतक के परिवार की महिलाएं व बच्चे व पुरुष परेशान थे तब पुलिस थाना पिछोर मोबाइल गस्त पार्टी इंचार्ज,स्४ शैलेंद्र सिंह चौहान, नगर रक्षा समिति सदस्य नरेंद्र लोधी, आरक्षक बृजराज सिंह व सैनिक परमाल सिंह ने मृतक मोहित राम बंशकार की डेड बॉडी व उसके परिवारजन को मोबाइल वाहन में ले जाकर ग्राम बमना में छोड़ा । यदि पिछोर थाना की मोबाइल वाहन मृतक व परिवार को उनके घर नहीं छोड़ती तो वह पूरी रात अस्पताल में ही परेशान रहते व सुबह वाहन मिलने पर ही घर जा पाते। मध्य प्रदेश पुलिस जिंदगी में भी साथ और जिंदगी के बाद भी साथ

# मोदी जी ने निभाया राष्ट्रभ्राता का धर्म- सरोज पांडेय

**ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ**
**अश्वनी अवस्थी**

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय ने देश के सभी रसोई गैस उपभोक्ताओं को 200 रुपये प्रति सिलेंडर की राहत देने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि देश की बहनों के सबसे बड़े त्यौहार रक्षाबंधन के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रसोई गैस के दाम में भारी कटौती करके राष्ट्रीय भ्राता धर्म का निर्वाह किया है। उन्होंने देश की महिलाओं को सम्मान देने के साथ ही उन्हें सशक्त बनाने के प्रयास किए हैं। मोदी जी ने देश भर में हर घर में उन्नत शौचालय का निर्माण करा कर हमारी बहनों को वह राहत दी है जो दशकों से अपेक्षित थी। मोदी जी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराए हैं जिसका सर्वाधिक फायदा हमारी बहनों बेटियों माताओं को मिला है। मोदी जी ने भारत की सभी महिलाओं को समानता का अधिकार दिया है। वे सभी महिलाओं को समान रूप से समर्थ होने का अवसर दे रहे हैं।इसीलिए तीन तलाक जैसी कुप्रथाओं के खिलाफ उन्होंने ऐतिहासिक कदम उठाया है। मोदी जी महिलाओं के विकास, उत्थान और कल्याण के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। महिलाओं को राहत देने के लिए ही उन्होंने गैस सिलेंडर के दाम में बड़ी कटौती की है। जिसका लाभ छत्तीसगढ़ सहित सभी देशवासियों को मिलेगा। उन्होंने छत्तीसगढ़ की बहनों की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# पिछोर थाना पुलिस को गुमशुदा की लगातार तलाश जारी




**राकेश परिहार पिछोर**

**पिछोर,।**पुलिस थाना -पिछोर जिला -शिवपुरी अपराध क्रमांक- 472/23 धारा- 363 आईपीसी ।दिनांक 25/ 8/23 को फरियादिया राजा बेटी पत्नी राकेश आदिवासी उम्र 35 साल निवासी ग्राम भितरगुंवा थाना पिछोर जिला शिवपुरी ने रिपोर्ट की कि उसकी पुत्री नीतू आदिवासी उम्र 12 वर्ष दिनांक 17/ 8/ 23 को घर ग्राम भितरगुंवा थाना पिछोर जिला शिवपुरी से बिना बताए कहीं चली गई है। फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना पिछोर में अपराध क्रमांक 472/23 धारा 363 आईपीसी का पंजीबद्ध किया है ।गुमशुदा की हुलिया -रंग सांवला, ऊंचाई 4 फुट,चेहरा गोल, इकहरा बदन व दाहिने आंख के ऊपर चोंट का निशान है। कृपया गुमशुदा के संबंध में कोई भी सूचना मिलने पर सूचित करें।,स्४ शैलेंद्र सिंह चौहान थाना पिछोर मोबाइल नंबर **9425335885**

## आगामी चुनावों के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक शिवपुरी की अनुशंसा पर कलेक्टर शिवपुरी द्वारा चार आदतन आरोपियों पर जिला बदर एवं थाना अटैच की कार्यवाही की ।



**राकेश परिहार पिछोर**

**शिवपुरी ।** दिनांक 31.08.2023 को रविन्द्र कुमार चौधरी कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा जिला शिवपुरी द्वारा रघुवंश सिंह, पुलिस अधीक्षक जिला शिवपुरी की अनुशंसा पर जिले के तीन (03) आदतन आपराधियों, रोहित चौहान पुत्र स्व .वीरू उर्फ वीरेन्द्र चौहान थाना देहात, मंगल रावत पुत्र प्रयाग रावत थाना बैराड़ एवं परमजीत पुत्र महेन्द्र सिंह सिख थाना तेन्दुआ को 06 माह की अवधि के लिये जिलाबदर किये जाने का आदेश पारित किया, साथ ही एक (01) अपराधी बलवीर पुत्र कल्याण मोंगिया थाना बैराड़ को 06 माह के लिये थाना अटैच किये जाने का भी आदेश पारित किया गया है।

# भारतीय आतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) ने विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए खोले द्वार : ताम्रकार

आजादी के अमृत महोत्सव पर चंद्रयान 3 की अपार सफलता के बाद सारी दुनिया में भारत की धाक जम गई है. लोगों ने इसरो के साइट को बार-बार देखा है इसरो का हिस्सा बनने की अभिलाषा संजोय बैठे हैं भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान ( इसरो) द्वारा संचालित इंडिया स्पेस वीक के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए प्रवेश के द्वार खोल दिए हैं यह जानकारी जिला समन्वयक श्री कमल किशोर ताम्रकार युवा व इको क्लब गरियाबंद ने हमारे संवाद दाता को बताया कि पूरे भारत से किसी भी राज्य के छात्र /छात्राएं प्रवेश ले सकते हैं अंतरिक्ष कार्यक्रम के अनुसार भविष्य में जो बच्चे इस क्षेत्र में शिक्षा प्राप्त करेंगे उन्हें वरीयता दी जाएगी. बच्चों की रुचि के अनुसार कई तरह के प्रोग्राम जैसे साइबर स्पेस , कंप्यूटर प्रोग्रामिंग , डिजिटल प्रोग्रामिंग , सी सी सी , नासा के अंतरिक्ष से संबंधित प्रोग्राम हेतु ऑनलाइन आवेदन ? 100 परीक्षा फीस के साथ ऑनलाइन परीक्षा पास करने वाले बच्चों के लिए चयन पश्चात डॉ विक्रम



साराभाई स्कॉलरशिप और फैलोशिप देय होगा.विद्यार्थियों को विवरण भरने के लिए नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि , लिंग , राष्ट्रीयता मोबाइल नंबर , राज्य , शहर, पिन कोड, ईमेल आईडी तथा पासपोर्ट आकार का फोटो 100 के बी से कम व संस्थान/विद्यालय/महाविद्यालय का आईडी कार्ड 300 के बी से कम होनी चाहिए.बच्चों को इसरो का सर्टिफिकेट ग्रेडिंग के अनुसार अंतरिक्ष शिक्षा में रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे , विद्यार्थी इंडिया स्पेस वीक द्वारा आयोजित प्रत्येक कार्यक्रम, पाठ्यक्रम और कार्यशाला में भाग ले सकते हैं इंडिया स्पेस वीक द्वारा चयनित विद्यार्थी अंतरिक्ष एक्सपो का दौरा करने तथा भारत के विभिन्न स्थानों पर स्थित अंतरिक्ष संग्रहालय का भ्रमण और इसरो से रॉकेट का लाइव लॉन्च भी देख सकते हैं विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट 222.का अवलोकन एवं समय 2 से 5 बजे तक प्रवेश संबंधित जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9335155949 पर संपर्क कर सकते हैं

# छत्तीसगढ़ की बहनें मोदी जी को भेजेंगी राखी- लता उसेंडी

भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ शासन की पूर्व महिला बाल विकास मंत्री लता उसेंडी ने केंद्र सरकार द्वारा रसोई गैस सस्ती किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि मोदी जी ने देश की बहनों को राखी का उपहार दे दिया है अब हम बहनें मोदी जी को रक्षा सूत्र भेज कर यह कामना करती हैं कि वह आने वाले समय में भी इसी तरह महिलाओं के हित में कदम उठाते रहें। मोदी जी ने महिलाओं के कल्याण के लिए जितनी योजनाएं संचालित की हैं उतनी आजादी के बाद दशकों तक देश पर शासन करने वाली व्यवस्था ने कुल मिलाकर भी नहीं की। मोदी जी ने जब से देश की शासन व्यवस्था संभाली है तब से भारत की महिलाओं का सम्मान बढा है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में देश ने ऐतिहासिक प्रगति की है। भारत की



अर्थव्यवस्था में नारी शक्ति बेहतर योगदान दे रही है। ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जिसमें मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार ने महिलाओं के लिए प्राथमिकता न दी हो। आज भारत की महिलाएं देश की रक्षा में भागीदारी कर रही हैं तो यह मोदी जी के प्रयासों का परिणाम है। मोदी जी ने देश की गरीब महिलाओं को धुंआ रहित चूल्हे का उपयोग करने के लिए उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त कनेक्शन दिए हैं। छत्तीसगढ़ में हमारी गरीब बहनें भी अब गैस सिलेंडर का इस्तेमाल कर रही हैं। महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए मोदी जी सदैव तत्पर रहे हैं और इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। राखी के त्योहार पर गैस सिलेंडर के दाम में भारी कटौती से महिलाएं काफी खुश हैं।

**मोदी जी ने दी बहनों को बड़ी सौगात**–भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने कहा कि मोदी जी ने राखी के त्योहार पर छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश की बहनों बेटियों माताओं को यह उपहार दिया है। मोदी जी देश की मातृ शक्ति के सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कमजोर आय वर्ग के परिवारों की महिलाओं को राहत देने के लिए उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने के साथ ही सिलेंडर पर 200 रुपये की सब्सिडी पहले से ही दे रखी है। इस राखी पर उज्ज्वला योजना के छत्तीसगढ़ के लाभार्थी 34 लाख परिवारों के साथ ही सभी रसोई गैस उपभोक्ता परिवारों को एकमुश्त बड़ी राहत दी गई है।

### उपमुख्यमंत्री का बयान कांग्रेस में मचे घमासान का परिचायक :भाजपा

# भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष साय ने कहा : सिंहदेव की चेतावनी मुख्यमंत्री बघेल से उनके रिश्तों की खटास को जाहिर कर रही

सरगुजा में कांग्रेस की सीटें घटने की बात कहकर सिंहदेव ने कांग्रेस की तयशुदा हार पर मुहर लगा दी – साय

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णु देव साय ने उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव के उस बयान पर कटाक्ष किया है, जिसमें उपमुख्यमंत्री सिंहदेव ने सरगुजा संभाग के अपने दौरे में पार्टी के भीतर अपने ही विरोधियों पर निशाना साधते हुए कहा है कि राजा साहब और रानी माता के खिलाफ किसी भी तरह की टिप्पणी और उन पर जान को खतरे के लगाए गए आरोप पर कोई समझौता नहीं हो सकता। श्री साय ने सिंहदेव के उस बयान को भी कांग्रेस में मचे घमासान का परिचायक बताया है कि जिसमें स्थिति अनुकूल नहीं होने पर उत्तर छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सीटें आधी भी हो सकने की बात उपमुख्यमंत्री ने कही है।भाजपा पूर्व



प्रदेश अध्यक्ष श्री साय ने कहा कि कांग्रेस एकजुटता का चाहे जितना राग अलाप रही हो, लेकिन धरातल पर अब भी कांग्रेस पस्त है और कांग्रेस के नेता अपनी हार तयशुदा मानकर चल रहे हैं। कांग्रेस की अंतर्कलह का आलम यह है कि उपमुख्यमंत्री अब अपने राजनीतिक विरोधियों पर खुलकर हमला बोल रहे हैं और इसके बाद भी यदि विरोधियों को तवज्जो दी गई तो सिंहदेव साफ कर चुके हैं कि आगे क्या होगा, यह जनता जाने और पार्टी जाने, पर अब वे कोई समझौता नहीं करेंगे। श्री साय ने कहा कि बड़े बेमन से उपमुख्यमंत्री पद पर बैठे सिंहदेव की यह चेतावनी मुख्यमंत्री बघेल और उपमुख्यमंत्री सिंहदेव के रिश्तों की खटास को जाहिर कर रही है। शायद यही वजह है कि कांग्रेस के पौने पांच साल के कार्यकाल में सरगुजा संभाग के कुछ विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने भी सीधे विधायकों के खिलाफ ही मोर्चा खोल दिया है। सामरी एवं बैकुंठपुर विधानसभाओं में पूरा संगठन ही विधायकों के खिलाफ खड़ा है।

### भाजपा ने सवाल दागा : भूपेश सरकार आरक्षण के नाम पर राजनीति क्यों कर रही है

# प्रदेश प्रवक्ता गुप्ता ने कहा :आरक्षण के मसले को उलझाए रखने की नीयत से प्रदेश सरकार आरक्षण के मसौदे के साथ क्वांटीफायबल डाटा प्रस्तुत नहीं कर रही

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने आरक्षण के मुद्दे पर प्रदेश आरक्षण के नाम पर राजनीति क्यों कर रही है, यह समझ से परे है। आरक्षण के मसौदे के कराई गई, सरकार ने अपने पक्ष में बड़े वकील या महाधिवक्ता को खड़ा नहीं किया और प्रस्तुत करने कह रहे हैं परंतु प्रदेश सरकार ने आरक्षण के मसले को उलझाए रखने की



सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने आरक्षण को लेकर हर वर्ग को दुविधा में डाल रखा है। श्री गुप्ता ने कहा कि भाजपा संविधान की भावनाओं के अनुरूप हर वर्ग को पर्याप्त आरक्षण की हिमायती है और इसीलिए भाजपा ने प्रदेश सरकार द्वारा विधानसभा में आरक्षण के रखे गए मसौदे का समर्थन किया था। लेकिन, प्रदेश की भूपेश सरकार साथ आवश्यक होने के बावजूद क्वांटीफायबल डाटा प्रस्तुत नहीं करके प्रदेश सरकार राज्यपाल के समक्ष संवैधानिक दिक्कत खड़ी करके अब बिलावजह राज्यपाल को अपनी गंदी राजनीति में घसीट रही है।भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री गुप्ता ने मंगलवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में आहूत प्रेस ब्रीफ में पत्रकारों से कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के द्वारा आरक्षण पर आपत्ति हाईकोर्ट में सरकार आरक्षण का केस जान-बूझकर हार गई। श्री गुप्ता ने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार यह झूठ फैला रही है कि भाजपा प्रदेश के राज्यपाल पर आरक्षण के मसौदे को रोके रखने का दबाव डाल रही है। संविधान के अनुच्छेद 341 व 342 में स्पष्ट उल्लेख है कि आरक्षण का मूल आधार क्वांटीफायबल डाटा होगा और राज्यपाल प्रदेश सरकार को बार-बार क्वांटीफायबल डाटा नीयत से आरक्षण के मसौदे के साथ यह डाटा न तो राज्यपाल को उपलब्ध कराया, न ही विधानसभा के पटल पर रखा और न ही विधानसभा में इस पर को चर्चा की। श्री गुप्ता ने कहा कि कानूनन जब क्वांटीफायबल डाटा आवश्यक है तो भाजपा के इस सवाल का जवाब मुख्यमंत्री बघेल दें कि आरक्षण को राजनीति में क्यों उलझा रहे हैं और क्वांटीपायबल डाटा क्यों प्रस्तुत नहीं कर रहे हैं

# प्रदेश सरकार बजाय डेंगू के इलाज के पुख्ता इंतजाम करने के आँकड़ों को छिपाकर अपनी चमड़ी बचाने में लगी है : भाजपा

## भाजपा सरगुजा संभाग प्रभारी श्रीवास्तव ने कहा : राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता छोड़ बघेल व सिंहदेव लोगों की जान बचाने की दिशा में पुख्ता पहल करें

**संवाददाता रायपुर**
**किरीट तिवारी**

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के सरगुजा संभाग प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने डेंगू के बड़ते कहर पर चिंता जाहिर कर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है कि प्रदेश के हर जिले में डेंगू का प्रकोप लगातार फैल रहा है, लेकिन प्रदेश सरकार खामोश बैठी है, उसे न तो मरीजों की चीत्कार सुनाई दे रही है और न ही डेंगू फैलाव नजर आ रहा है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह तार-तार हो चुकी है और सरकारी अस्पतालों की बदहाली के चलते डेंगू के मरीजों को विवश होकर निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है जहाँ एलाइजा टेस्ट की रिपोर्ट जमा किए बिना आयुष्मान कार्ड के जरिए इलाज का खर्च वसूलने के लिए क्लेम किया जा रहा है।भाजपा सरगुजा संभाग प्रभारी श्री श्रीवास्तव ने बुधवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में प्रेस ब्रीफ में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि आज राजधानी समेत पूरे प्रदेश में डेंगू का कहर दिख रहा है और लोगों की जानें जा रही हैं, लेकिन ऐसे समय में भी प्रदेश सरकार बजाय इलाज के पुख्ता इंतजाम करने के आँकड़ेबाजी करने और सही आँकड़ों को छिपाकर केंद्र सरकार को गलत रिपोर्ट देकर अपनी चमड़ी बचाने में लगी है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि आज राजधानी समेत प्रदेश के अमूमन सभी शहरों, नगरों, कस्बों के मोहल्लों में हर परिवार डेंगू के कहर से जूझ रहा है और अपनी चमड़ी बचाने में लगी प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में डेंगू से लोगों की जान बचाना नहीं है, यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। चिकित्सा शिक्षा से जुड़े डॉ. विष्णु दत्त भी एक सप्ताह से डेंगू का इलाज अंबेडकर अस्पताल में करा रहे हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि प्रदेश में डेंगू का प्रकोप भयावह हो चला है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश सरकार को आज डेंगू की रोकथाम के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ काम करने की जरूरत है।भाजपा सरगुजा संभाग प्रभारी श्री श्रीवास्तव ने राजधानी में एक ही परिवार के दो सगे भाइयों की डेंगू से हुई मौतों का जिक्र करते हुए कहा कि डेंगू के चलते प्रदेश में हँसते-खेलते परिवार उजड़ रहे हैं। अपनी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता को छोड़कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव को लोगों की जान बचाने की दिशा में पुख्ता पहल करनी चाहिए। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव के ही क्षेत्र अंबिकापुर में 4 नवजात शिशुओं की हुई मृत्यु को दुर्भाग्यपूर्ण है, जहाँ एक सरकारी अस्पताल में बिजली गुल होने से वेंटीलेटर और ऑक्सीजन सपोर्ट बंद होने के कारण ये मौतें हुईं। यह प्रदेश सरकार के नाकारापन का प्रमाण है कि प्रदेश में इलाज के अभाव में 40 हजार माताओं की गोद सूनी हो गई। प्रदेश सरकार ने खुद विधानसभा में 39,267 बच्चों की मौत समुचित इलाज के अभाव में होने की बात स्वीकार की है।

# रीवा जिले में रक्षाबंधन के मौके पर एक घर में पसरा मातम सांप के काटने से दो सगी बहनों की मौत!

**दैनिक पुष्पांजली टुडे (ब्यूरो चीफ रीवा)**

**रीवा।** जिले के मनगवां थाना अंतर्गत मनिकवार चौकी के समीपी ग्राम देवतहा में दो सगी बहनों की मौत से मातम पसर गया है परिजनों का कहना है कि पूरा परिवार रात में एक कमरे में सो रहा था तभी घर में घुसे सर्प ने घूम घूमकर पांच बहनों में दो को डस दिया इसके बाद सर्प घर के बाहर जा रहा था इसी बीच पिता की नींद खुल गई वह नित्यक्रिया के लिए बाहर निकले तो सर्प दिख गया।उनको लगा कि कहीं किसी को काट न दे। ऐसे में लाठी से पीट पीटकर मार डाले अंदर आए तो एक बच्ची के पैर से खून निकल रहा था उसकी झा? फूंक कराए तो दूसरे की हालत बिगड़ गई ऐसे में निजी वाहन से संजय गांधी अस्पताल पहुंचाए यहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया स्लरू चौकी पुलिस ने मर्ग कायम



कर पीएम उपरांत लाश परिजनों को सौंप दिया है।

**जमीन में सोते समय वारदात-** मनिकवार चौकी प्रभारी रामनरेश तिवारी ने बताया कि मंगलवार बुधवार की दरमियानी रात 2 बजे के आसपास देवतहा निवासी रूपेश साकेत परिवार के साथ घर के अंदर जमीन पर सो रहे थे इसी बीच काला नाग प्रवेश किया सर्प ने धरती में सोते समय मलवा साकेत 6 वर्ष और सोना साकेत 4 वर्ष को डस दिया, लेकिन बच्चियों को कोई जानकारी नहीं हुई न ही माता-पिता जान पाए।समय में नहीं मिली एंबुलेंस मृतक बच्चियों के बड़े पिता गोरेलाल साकेत ने बताया कि रात में सर्प को मारने के बाद छोटा भाई रूपेश साकेत घर के अंदर बिस्तर को देखने गया तब पिता ने देखा कि सोना साकेत के पैर से खून बह रहा है सर्प काटने की आशंका पर गांव में झाड़ फूंक कराई पर सुधार नहीं हुआ।इसी बीच दूसरी बच्ची मलवा साकेत के मुंह से झाग निकलने लगा 108 एंबुलेंस बुलाई पर समय में नहीं मिली निजी वाहन से पहुंचने में देर हो गई चिकित्सकों ने नब्ज टटोलते ही मृत घोषित कर दिया है।

# भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा को मुस्लिम बहनों ने तिलक लगाकर बांधी राखी

## भाजपा सांसद ने भी पैर छूकर लिया बहनों का आशीर्वाद, दिया उपहार

**दैनिक पुष्पांजली टुडे (सम्भागीय ब्यूरो रीवा)**

**रीवा।** अपनी कार्यप्रणाली को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहने वाले रीवा संसदीय सीट से बीजेपी सांसद जनार्दन मिश्रा फिर चर्चा में हैं। इस बार वह न तो स्वच्छता का संदेश देते हुए सुर्खियों में आए और न ही कोई बयान बाजी कर के। उनका इंटरनेट मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें मुस्लिम बस्ती में पहुंचे बीजेपी सांसद जनार्दन मिश्रा को 50 से भी अधिक महिलाओं ने सांसद के माथे पर तिलक लगाकर उनकी कलाई में राखी बांधी। मिठाई खिलाकर उन्हे आशीर्वाद दिया। सांसद ने भी मुस्लिम बहनों के पैर छूकर उनसे आशीर्वाद लिया और उन्हे उपहार भेंट किया।

**50 से अधिक मुस्लिम बहनों ने बांधी सांसद को राखी-**बुधवार को भाई बहन के त्यौहार रक्षांबधन के मौके पर रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा शहर के घोघर मोहल्ले में पहुंचे थे। इस दौरान वह बीजेपी नेता जुगनू खान के घर पहुंचे वहां पर




मौजूद 50 से अधिक मुस्लिम बहनों ने एक एक कर सांसद जनार्दन मिश्रा के माथे पर तिलक लगाया फिर हाथ की कलाई में राखी बांधकर सांसद जनार्दन मिश्रा को आशीर्वाद दिया।यह वीडियो अब इंटरनेट मीडिया में जमकर वायरल हो रहा हैराखी बंधवाने के बाद सांसद ने सभी को उपहार भी भेंट किए। मुस्लिम बहनों के द्वारा बीजेपी सांसद जनार्दन मिश्रा की कलाई मे बांधी गई राखी का वीडियो सोशल मीडिया में पोस्ट किया गया।

# चोर को पब्लिक ने दबोचा,चोर छत से कूदकर भागा, लोगों ने फिर पकड़ा

## पुलिस को सौंपा, चोर थाने से भी फरार

**दैनिक पुष्पांजली टुडे (ब्यूरो चीफ रीवा)**

**रीवा।** शहर के समान थाना क्षेत्र में एक चोर ने लोगों की नाक में दम कर दिया वारदात के बाद किसी प्रकार लोगों ने चोर को पकड़ तो लिया लेकिन पूछताछ के दौरान वह छत से कूदकर भाग निकला कुछ ही देर बाद कड़ी मशक्कत कर लोगों ने एक बार फिर उसे सिरमौर चौराहा में दबोच लिया इस दौरान वहां पर काफी भीड़ भी एकत्रित हो गई देखते ही देखते मौके पर तत्काल अमहिया थाने से दो पुलिस कर्मी भी पहुंच गए और चोर को बाइक में बैठाकर अपने साथ थाने ले गए खास बात यह है कि चंद मिनटों में ही वह पुलिस को भी चकमा देकर थाने से रफूचक्कर हो गया और पुलिस देखती की देखती रह गई।

**किरायेदार के घर में चोरी-**मामला शहर के समान थाना क्षेत्र स्थित आजाद नगर का है। यहां पर रहने वाले विश्वराम मिश्रा के मकान में दो किराएदार रहते हैं। अंतिका पटेल और एक सोनी परिवार। बीते दिनों सोनी परिवार के घर उनका उनका भांजा अशोक सोनी घूमने गया था। इसके बाद वह वापस लौट आया।



इसी दौरान अंतिका पटेल के मकान से चार तोला सोना और 15 हजार नगदी चोरी हो गई। मकान मालिक विश्वराम मिश्रा और अंतिका पटेल को पड़ोस में रहने वाले सोनी परीवार के भांजे अशोक सोनी पर शक हुआ।

**लोगों ने पकड़ा तो भाग गया-**इसके बाद उसे वापस बुलाया गया उसके वापस आते ही वहां मौजूद लोगों ने जब उसे पकड़कर पूछताछ की तो वह छत से कूदकर भाग निकला लोगों ने उसकी काफी खोजबीन की कुछ घंटों बाद वह सिरमौर चौराहा के समीप खड़ा मिला लोगों ने उसे देखते ही कड़ी मशक्कत कर दबोच लिया इस दौरान बीच सड़क पर भीड़ एकत्रित हो गई। देखते ही देखते मौके पर अमहिया थाना पुलिस के दो जवान भी वहां पहुंच गए और बड़ी फुर्ती के सात उसे बाइक में बिठाकर अमहिया थाने ले गए।

**पुलिस थाने से भी हो गया फरार-**कुछ देर बाद पकड़े गए युवक अशोक सोनी ने लघुशंका जाने का बहाना बनाया और पुलिस को चकमा देकर थाने से फरार हो गया इस मामले में एडिशनल एसपी अनिल सोनकर ने बताया कि अशोक सोनी अपने मामा के घर घूमने गया था इसी दौरान पड़ोस में रहने वाली अंतिका पटेल के मकान से कुछ सामाग्री चोरी हुई आशंका होने पर उन्होंने ने अशोक को घर बुलाया था लेकिन पूछताछ के दौरान वह भाग निकला वह पुलिस को भी चकमा देकर भाग गया समान थाने में अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस की एक टीम उसे पकड़ने के लिए मनगवां रवाना की गई है।

# रीवा शहर के कॉलेज चौराहे में बाइक सवार बदमाशों ने दो युवकों के साथ की जमकर मारपीट, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई मारपीट की घटना

**दैनिक पुष्पांजली टुडे (ब्यूरो चीफ रीवा)**

**रीवा।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के कॉलेज चौराहे में बाइक में सवार होकर जा रहे दिलीप सिंह और उसके साथी के साथ अन्य बाइक में सवार तीन बदमाशों ने जमकर मारपीट की और जेब में रखे ?4000 लूट कर फरार हो गए। आपको बता दे कि पीड़ित दिलीप एवं उसके साथी के द्वारा बताया गया मैं जरूरी काम से ट्रांसपोर्ट नगर जा रहा था तभी बाइक में सवार होकर तीन की संख्या में आरोपी कॉलेज चौक में आए और अश्लील गालियां देते हुए मारपीट शुरू कर दी पीड़ित के द्वारा बताया गया कि मुझे बेल्ट एवं हाथ से मारा गया है जिससे शरीर और नाक में गंभीर चोट आई है शरीर में गंभीर रूप से चोट के निशान है पीड़ित ने इस मारपीट की घटना की शिकायत सिविल लाइन थाने में दर्ज करवा दी है पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।पीड़ित ने जानकारी देते हुए बताया कि मैं विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के बरा बाईपास में रहता हूं ई बाइक शोरूम खूतेही में संचालित है जहां काम करता हूं मैं ट्रांसपोर्ट नगर पैसे लेकर रक्षाबंधन के दिन जा रहा था तभी कॉलेज चौराहे



में नो सिग्नल लग गया सिग्नल खुलने का इंतजार कॉलेज चौराहा में कर रहा था तभी बाइक में सवार होकर तीन लोग आए और हमारी गाड़ी में हल्का सा धक्का मार और धक्का मारने के बाद उल्टा गाली गलौज करने लगे मैंने गाली देने से मना किया तो तीनों आरोपी बाइक से उतरकर अपने कमर से बेल्ट निकाल कर तीनों ने मारपीट शुरू कर दी इस मारपीट में नाक से ब्लड निकलने लगा और गले एवं शरीर में बेल्ट की मार से गंभीर चोट के निशान भी आए हैं इस घटना की शिकायत पीड़ित दिलीप द्वारा सिविल लाइन थाने में दर्ज करवा दी गई है पुलिस ने जिला अस्पताल में पीड़ित दिलीप की एमएलसी करवा कर आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली है अब कल चौक में लगे सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से अज्ञात आरोपियों की पहचान की जा रही है।

# नगर में धूम धाम से मनाया गया लव कुश जन्मोत्सव, निकाली शोभायात्रा





**पुष्पांजलि रिपोर्टर अभिषेक कुशवाह**

**सिरोंज -**प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कुशवाह समाज के द्वारा नगर में धूम धाम से भगवान लव कुश के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य मे शोभा यात्रा निकाली गई जो कि क्षत्री नाका हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर कष्टम कठाली, सर्राफा बाजार , मुख्यबाजार , चांदनी चौक कोर्ट गेट बजरिया से होती हुई मंडी स्थित बीजासन मांता मंदिर भगवान लवकुश की पूजा अर्चना के बाद समापन हुई । परिवार जनो की तरह मिले विधायक किया आत्मीय स्वागत

क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा के द्वारा चांदनी चौक पर शोभायात्रा का विशेष स्वागत पुष्प वर्षा एवं पटिट्का उडाकर किया गया साथ ही उनके द्वारा शोभा यात्रा के दोरान चल रही झांकी पर भगवान लवकुश ,माता सीता ,एवं वाल्मीक की भी पूजा की गई एवं युवाओ के साथ बैड बाजे पर थिरकते



हुए नजर आये तो वही दूसरी समाज के वरिष्ठ जनो से भी आत्मीयता के साथ मिले एवं लव कुश जन्म उत्सव की शुभकामनायें एवं बधाई जिसमें समाज के पदाधिकारियो के द्वारा भी उनका स्वागत किया गया ।

**प्रदेश स्तरीय नेता भी शोभायात्रा में हुए शामिल-** कुशवाह समाज के द्वारा निकाले जा रहे चल समारोह में कुशवाह समाज मध्यप्रदेश के वरिष्ठ समाज सेवी एवं नेता भी शामिल हुए जिसमें प्रमुख रूप से वर्तमान में बने कुश कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी नारायण सिंह कुशवाह , प्रांतीय कुशवाह समाज मध्यप्रदेश के प्रदेश महामंत्री गोपाल सिंह कुशवाह , भाजपा पिछडा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष भगत सिंह कुशवाह , कुशवाह महा सभा के जिला अध्यक्ष बाबूलाल कुशवाह , गुना के जिला अध्यक्ष हेंमंत कुशवाह , पूर्व जिला पंचायत के सदस्य सरदार सिंह कुशवाहा सहित अन्य कई वरिष्ठ समाज सेवी एवं राजनैतिक लोग उपस्थित रहें ।

**डीजे पर थिरकन तो अखाडे में दिखाये करतब-**कुशवाह समाज के युवा जहां डीजे पर थिरकते हुए नजर आयें तो वही दूसरी और अखाडे में अद्भुत प्रतिभा का परिचय युवाओ के द्वारा दिया गया जिसमें उनके द्वारा लाठी चलाने से लेकर अनेक हैरतअंगेज करतब युवाओ के द्वारा दिखायें गयें जो कि पूरे बाजार में चर्चा के विषय रहा ।

# म.प्र.शिक्षक संघ ने नवागत एस.डी.एम. का किया स्वागत

**मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

**बड़वाह -** म.प्र.शिक्षक संघ ईकाई ने जनपद सभागृह मे शायंकाल बीएलओ बैठक समापन पश्चात देवास से पधारे नवागत एसडीएम श्री प्रदीप सोनी का हार्दिक अभिनंदन किया. शिक्षक संघ की परम्परा अनुसार ब्लॉक ईकाई अध्यक्ष- सुरेन्द्र जायसवाल ने पुष्पहारो से शानदार स्वागत करते हुवे संबोधन मे कहा कि शिक्षक परिवार के एसडीएम महो.बेहद सरल सहज मृदु भाषी व्यक्तित्व के धनी है. समस्त कर्मचारियों के प्रति उदारवादी स्वभाव रखते है. यह हमारा सौभाग्य है कि प्रोत्साहित प्रेरणीय स्वभाव के युवा ऊर्जावान अधिकारी इस तहसील को मिले है. ऐसा महसूस होता है कि इस



तहसील का ओर अधिक किर्तिमान विकास होगा. श्री सोनी ने शत प्रतिशत मतदान कराने हेतू सनावद ब?वाह के कालेज के छात्रो को मतदाता सुची मे नाम दर्ज कराने व मतदान करने हेतू प्रेरणीय संदेश दिया. प्रशिक्षण मे समस्त बीएलओ गणो ने भी पूर्ण विश्वास दिलाया कि आपके नेतृत्व मे श्रेष्ठ कार्य करेगे एवं बड़वाह का नाम जिले मे सर्व प्रथम स्थान पर रहेगा. व हम सब बीएलओ आपका मान सम्मान पूरे प्रदेश मे गौरवान्वित भी करेंगे. स्वागत बेला मे निर्वाचन शाखा के वरिष्ठ प्रमुख महेश जोशी व सतविंदर भाटिया का भी पुष्प मालाओ से स्वागत किया. बीएलओ मातृशक्तिगणो की ओर से अफरोज बी खान ने भी एसडीएम सा. का पुष्प गुच्छ भेटकर हार्दिक सम्मान किया. आत्मीय स्वागतकर्ता गण प्र.पा.बी.आर. अवचरे. प्र.पा. एस.भालेराव. टी.आर.भार्गव. उ.श्रे.शि. बी.एस.खांडेकर ने किया। स्वागत संचालन दायित्व पुष्पेन्द्र रावल ने किया. तथा आभार टी.सी.गोखले ने माना।

# उपसंचालक जनसम्पर्क श्री भारतीय के सेवा निवृत्त होने पर कार्यालय ने दी भावभिनी विदाई

**संदीप प्रधान उप संपादक दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

**दतिया** में पदस्थ उपसंचालक जनसम्पर्क श्री अनूप सिंह भारतीय के सेवानिवृत्त होने पर आज कार्यालय के स्टॉफ द्वारा भावभिनी विदाई दी गई। इस अवसर पर कार्यालय द्वारा माँ पीताम्बरा माई का चित्र उपसंचालक जनसम्पर्क को भेंट कर शॉल, श्रीफल एवं पुष्पहारों से सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री भारतीय के सुखद एवं उज्जवल भविष्य की कांमना भी की। उपसंचालक जनसम्पर्क श्री भारतीय के विदाई समारोह को संबोधित



करते हुए अपने लगभग 35 साल की सेवाकाल के संस्मरणों का उल्लेख करते हुए कहा कि माँ पीताम्बरा की नगरी दतिया में उनके लगभग तीन वर्ष के कार्यकाल के दौरान सभी विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों, पत्रकारगणों तथा जनप्रतिनिधियों का भरपूर सहयोग मिला। जिससे वह अपने कार्य को बेहतर तरीके से संपादित कर सकें। उन्होंने दतिया जनसम्पर्क कार्यालय के स्टॉफ के कार्य, व्यवहार की भी सराहना करते हुए कहा कि जाने-अनजाने में किसी बात से ठेस पहुंची हो उसके लिए वह क्षमा प्रार्थी है। उन्होंने कहा कि भविष्य में वह कार्यालय के किसी कर्मचारी के काम आ सके तो वह अपने को धन्य समझेंगे। कार्यक्रम को कार्यालय के सहायक वर्ग-तीन बीएल मित्तल, अंकुर खरे, धर्मेन्द्र दांगी, अम्बिकेश शर्मा, सतेन्द्र खरे, घनश्याम सहारिया, सतेन्द्र सिंह, रामकुमार, जनसम्पर्क कार्यालय के सेवा निवृत्त सिनेमा ऑपरेटर सुरेन्द्र पुरोहित आदि ने अपने विचार व्यक्त किए



## आईपीएस संतोष कुमार का किया सम्मान

**पुष्पाजंली टुडे**

**चेन्नई** ।गुरुवार को सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय अधिकारी आईपीएस संतोष कुमार गिंडी ऑफिस में मुलाकात कर रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं भेट की । तमिलनाडू पॉन ब्रोकर एवम् ज्वेलर्स एसोसिएशन अध्यक्ष स्वामी तेजानंद महाराज ने सॉल द्वारा श्री सीरवी समाज तमिलनाडू चेन्नई ट्रिप्लीकेन सहसचिव नारायणलाल चोयल ने माला द्वारा स्वागत किया गया।

# सीरवी समाज तुमकूर आईमाता वडेर में श्री आईजी फिल्म का प्रदर्शन

**पुष्पाजंली टुडे**

**तुमकूर /** सीरवी समाज तूमकूर में श्री आईजी नामक राजस्थानी फिल्म का प्रदर्शन किया गया। वडेर के अध्यक्ष मदनलाल राठौड़ ने सभी दर्शकों का आभार व्यक्त किया। फिल्म निर्मता भंवरलाल चोयल ने बताया कि ये फिल्म धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। यह फिल्म समाज एवं संस्कारों पर आधारित है। डायरेक्टर हेमन्त सीरवी ने बताया कि हमनें माताजी की जीवनी के साथ शहरों की चकाचौंध रोशनी में राह भटक रही लड़कीयों के लिए इस फिल्म के माध्यम से एक संदेश दिया, कि प्यार का पहला शब्द ही आधा हे तो राह भटकने पर क्या असर पड़ता है, घर परिवार को छोड़कर माता-पिता की प्रवाह नहीं करने पर सबसे बड़ा धोखा



स्वयं में होता है। इस मौके पर संस्था द्वारा फिल्म निर्माता भंवरलाल चोयल, डायरेक्टर हेमन्त गीतकार लखन चौधरी का माल्यार्पण एवं शॉल ओढ़ाकर कर स्वागत किया गया। संस्था के सचिव रतनलाल सेंणचा ने फिल्म देखने आए सभी दर्शकों को धन्यवाद दिया।इस मौके पर संस्था के उपाध्यक्ष भंवरलाल मूलेवा, सह-सचिव केवलचंद चोयल, कोषाध्यक्ष सोहनलाल सेंणचा, सह-कोषाध्यक्ष धर्माराम बर्फा, पूर्व अध्यक्ष हेमराज सेंणचा, चिमनाराम भायल सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे

## जनसंपर्क और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री ने मंत्रालय में पदभार ग्रहण किया

# रीवा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में पदों की वृद्धि के संबंध में ली उच्च अधिकारियों की बैठक,स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिये निर्देश

**दैनिक पुष्पांजली टुडे विवेक तिवारी**

**रीवा।** प्रदेश के जनसंपर्क और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने आज मंत्रालय भोपाल में श्री गणेश पूजन कर विभागीय पदभार ग्रहण किया तथा विभागीय गतिविधियों के विषय में अधिकारियों से जानकारी ली। मंत्री श्री शुक्ल ने पदभार ग्रहण करने के उपरांत रीवा सुपर स्पेशलिटी में पदों की वृद्धि के संबंध में उच्च अधिकारियों के



साथ बैठक की तथा पद वृद्धि के प्रस्ताव पर चर्चा कर प्रस्ताव बनाने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिये ताकि उसे मंत्रिपरिषद के समक्ष रखा जा सके। इस दौरान अपर मुख्य सचिव मो. सुलेमान, प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा श्रीमती कैलिन खोंगवार, मिशन संचालक पंकज जैन, आयुक्त सुदाम खाड़े, संचालक चिकित्सा शिक्षा अरूण श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# सुनहरा सितारा

राग–रागनियों और पहलवानों के हरियाणा से अब भारत को दुनिया में सबसे सधा भाला फेंकने वाला नीरज चोपड़ा भी मिल गया है। टोक्यो ओलंपिक में एथलेटिक्स में पहला सोने का तमगा दिलाने वाले नीरज ने फिर इतिहास रचा है। अब रविवार को हंगरी में आयोजित वर्ल्ड एथलेटिक्स चौंपियनशिप में सोना जीता है। पिछले साल विश्व स्पर्धा में नीरज ने रजत जीता था। दुनिया की सभी मुख्य स्पर्धाओं में वह स्वर्ण पदक जीत चुका है। सबसे खास बात यह है कि नीरज कभी हार नहीं मानते और अपनी उपलब्धि को अंतिम मानकर संतुष्ट नहीं होते। यही वजह है कि उन्होंने अपने ओलंपिक रिकॉर्ड से ज्यादा दूर भाला फेंककर सोने का तमगा जीता है। हालांकि, यह उनके श्रेष्ठ प्रदर्शनों में शामिल नहीं है। देश के लिये सबसे बड़ी खुशखबरी यह भी है कि नीरज ने नई पीढ़ी के खिलाड़ियों को भी प्रेरित किया है, यही वजह है कि पहली बार विश्व स्पर्धा के फाइनल में नीरज समेत तीन खिलाड़ी पहुंचे, जिसमें कृष्णा जेना व डीपी मोनू भी शामिल रहे। नीरज जब मैदान में उतरते हैं, आत्मविश्वास से भरे नजर आते हैं। वे कई चोटों से उबरे और फिर अपना सर्वश्रेष्ठ देते चले गये। उनके जीवन की सहजता उनकी ऊर्जा है। जीतने के बाद बोले– 'मेरा वर्ल्ड चौंपियन होना बताता है कि हम भारतीय कुछ भी कर सकते हैं, जीवन के अलग–अलग क्षेत्रों में।' उनके आत्मविश्वास का ये आलम है कि वे जब भी मैदान में उतरते हैं तो उनके प्रशंसक मानकर चलते हैं कि वे सोना ही लाएंगे। इसकी मूल वजह उनके हर बार बेहतर प्रदर्शन की ललक और हर प्रतियोगिता में बेहतर करने का जुनून। बहरहाल, वर्ल्ड एथलेटिक्स चौंपियनशिप में वर्ष 2003 में अंजू जॉर्ज ने कांस्य पदक जीतकर जो शुरुआत की थी, उसे सोने में बदलने में करीब दो दशक लगे, जिसे नीरज ने संभव बनाया। ये नीरज के लिये गौरव की बात है कि भारत में 7 अगस्त को उस दिन नेशनल जैवलियन डे मनाया जाता है, जिस दिन नीरज ने ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। बहरहाल, हरियाणा का यह खिलाड़ी सोशल मीडिया का नया सितारा है। उनके लंबे बाल व फुर्तीलेपन की वजह से उनकी तुलना 'द जंगल बुक' के नायक 'मोगली' से की जाती है। निस्संदेह, वे राष्ट्रीय हीरो हैं। कड़े अभ्यास व मेहनत से आज नीरज के खाते में अंडर–20, एशियन गेम्स, राष्ट्रमंडल खेल, डायमंड लीग व ओलंपिक के सुनहरे तमगे हैं और अब निगाहें पेरिस ओलंपिक पर हैं। जिस तरह उन्होंने अपने प्रदर्शन में हर बार लगातार सुधार किया, उससे उम्मीदें बढ़ी हैं। पानीपत के एक गांव से जीवन की शुरुआत करने वाले नीरज ने कभी नहीं सोचा था कि वह दुनिया का नंबर एक भाला फेंकने वाला बनेगा। कभी कुर्ता–पायजामा पहने अस्सी किलो वजनी नीरज को मित्रमंडली सरपंच जी कहकर संबोधित करती थी। फिर फिटनेस की फिक्र हुई। तब पानीपत के स्टेडियम जाने का सिलसिला शुरू हुआ। पहले वॉलीबाल खेलना शुरू किया। बाद में दोस्तों के कहने पर जैवलियन थ्रो में हाथ आजमाया।ख`ल में जुनून पैदा हुआ तो बेहतर सुविधाओं के लिये पंचकूला जाना अच्छा समझा। धीरे–धीरे देश के चोटी के खिलाड़ियों से सीखने को मिला और प्रतिस्पर्धा भी शुरू हई। अच्छी सुविधाएं मिलने लगीं। अच्छी गुणवत्ता वाला जैवलियन रास आने लगा। भाले की धार की मार दूर तक होने लगी। साल 2016 आते–आते पता चलने लगा कि भारत के एथलेक्टिस के आकाश में एक ध्रुव तारे का उदय होने वाला है। दरअसल, इसी साल नीरज ने पोलैंड में अंडर ट्वेंटी वर्ग में आयोजित विश्व चौंपियनशिप में सोने का तमगा जीता। निस्संदेह, नीरज की कामयाबी में उन्हें मिली सुविधाओं का भी योगदान है। उन्हें विदेशी कोच मिले। बायोमैकेनिकल विशेषज्ञ मिले। दूर तक भाला फेंकने की सामर्थ्य बढ़ाने वाली जर्मनी की महंगी मशीनें उपलब्ध हुईं। किसी खिलाड़ी को स्वर्णिम लक्ष्य के लिये तपस्या से गुजरना पड़ता है। बहरहाल, भारत को ट्रैक एंड फील्ड स्पर्धाओं के लिये नया चौंपियन मिल गया है। जो लगातार प्रदर्शन में सुधार करके नयी उपलब्धियां हासिल करते जा रहे हैं।

# पुतिनः तानाशाह शासक

**आदित्य नारायण**

*पुतिन के बारे में बहुत सी बातें कही जाती हैं लेकिन उनमें दुश्मनों से टक्कर लेने की क्षमता को विरोधी भी स्वीकार करते हैं। उनके बारे में मशहूर है कि वह अपने खिलाफ उठने वाली आवाजों को बेरहमी से कुचल देते हैं।*

रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन तमाम आलोचनाओं के बावजूद इस समय बिना किसी चुनौती के शासन कर रहे हैं। अमेरिका समेत पश्चिमी देशों की चेतावनियों और दबाव के बावजूद पुतिन बेखौफ है। एक तरफ अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन और कई देश उनके खिलाफ एकजुट हैं तो दूसरी तरफ पुतिन अकेले ही मुकाबला कर रहे हैं। पुतिन के बारे में बहुत सी बातें कही जाती हैं लेकिन उनमें दुश्मनों से टक्कर लेने की क्षमता को विरोधी भी स्वीकार करते हैं। उनके बारे में मशहूर है कि वह अपने खिलाफ उठने वाली आवाजों को बेरहमी से कुचल देते हैं। उन्होंने विरोधी स्वरों को देश से बाहर निकाल दिया या जेल भेज दिया और कुछ को मरवा भी दिया। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर हमला करने से पहले उन्होंने दो दशक में अपने विरोध में उठने वाले स्वरों को लगभग खत्म कर दिया। वैसे तो उन्होंने अपने शासन की शुरुआत में ही रूस के राजनीतिक महत्वकांक्षाओं वाले धन कुबेरों और ताकतवर अभिजात वर्ग के लोगों को पटखनी दे दी थी। यूक्रेन युद्ध के दौरान बगावत करने वाले प्राइवेट आर्मी वैगनर के चीफ येवगेनी प्रिगोझिन की विमान दुर्घटना में मौत की पुष्टि रूस की सरकारी एजैंसी ने कर दी है। पुतिन की सत्ता को चुनौती देने वाले सशस्त्र विद्रोह का नेतृत्व प्रिगोझिन ने ही किया था। घविद्रोह के दो माह बाद ही प्रिगोझिन की मौत हो गई। वर्ष 2019 में कांगो में एक सैन्य विमान हादसे में भी प्रिगोझिन



को मृत घोषित कर दिया गया था लेकिन वह तीन दिन बाद ही दुनिया के सामने आ गए थे लेकिन इस बार रूसी जांच समिति ने डीएनए टैस्ट के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुतिन के बारे में मशहूर है ध्कि वह अपने दुश्मनों को कभी नहीं छोड़ते। रूस का यह राजा अपने विरोधियों और बगावत करने वालों को कुचलने के लिए कुख्यात रहा। दूसरी बार सत्ता में आने के बाद उन्होंने अपने विरोधियों का सफाया करना शुरू कर दिया। उन्होंने रूस के सबसे अमीर शख्स मिखाइल खोदोरकोव्स्की जैसे कुलीन वर्गों को सत्ता से हमेशा के लिए दरकिनार कर दिया, जिन्हें तेल की दिग्गज कंपनी युकोस के सीईओ पद से हटा दिया गया और टैक्स धोखाधड़ी सहित कई आरोपों में 2005 में जेल में डाल दिया गया। साल 2006 में पत्रकार और शासन के प्रबल आलोचक अन्ना पोलितकोवस्काया की हत्या कर दी गई और लंदन में पूर्व रूसी जासूस अलेक्जेंडर लिट्विनेंको को घातक जहर देकर मार दिया गया। हालांकि, पुतिन ने इस दौरान देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना जारी रखा, लिहाजा देश के अंदर जनता उनके शासन से खुश थी। आर्थिक मोर्च पर रूस अच्छा कर रहा था और इसकी सबसे बड़ी वजह तेल था। साल 2015 में पुतिन के प्रमुख आलोचक और देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री बोरिस नेमत्सोव को क्रेमलिन के बाहर गोली मार दी गई। वहीं, साल 2018 में रूस के पूर्व डबल एजेंट सर्गेई स्क्रीपाल को इंग्लैंड में जहर देकर मार दिया गया। साल 2020 में भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान चलाने वाले रूस के विपक्षी नेता, एलेक्सी नवलनी को भी एक फ्लाइट में जहर दे दिया गया। वो फ्लाइट जर्मनी जा रही थी और जर्मनी के अस्पताल में नवेलनी को भर्ती कराया गया। कई महीनों तक अस्पताल में रहने के बाद जब साल 2021 में एलेक्सी नवेलनी रूस लौटे, तो मॉस्को एयरपोर्ट पर ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और उन्हें भ्रष्टाचार के आरोप में जेल की सजा सुना दी गई। पुतिन ने न केवल अपने राजनीतिक विरोधियों का सफाया किया बल्कि संविधान को भी अपनी मर्जी के मुताबिक बदल डाला। उनके बारे में कई किस्से–कहानियां लोग एक–दूसरे को सुनाते हैं जैसे पुतिन कभी मरेंगे नहीं और पुतिन आसमान से उतरा कोई अवतार है। पुतिन अपनी जिन्दगी को लेकर कई सस्पैंस रखते हैं। जैसे आज तक उनकी पत्नी गर्ल फ्रैंड या बच्चों के बारे में किसी को ठीक–ठाक पता नहीं है।– 1993 का रूसी संविधान कहता है कि कोई भी व्यक्ति लगातार दो कार्यकाल तक राष्ट्रपति बना नहीं रह सकता है, लिहाजा 2008 में पुतिन को पद छोड़ना पड़ा। पुतिन ने दिमित्री मेदवेदेव को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया और खुद प्रधानमंत्री बन गए। मेदवेदेव की सरकार में संविधान में संशोधन किए गए और तय किया कि राष्ट्रपति का कार्यकाल अब 4 साल की बजाय 6 साल का होगा। चूंकि पुतिन प्रधानमंत्री रह चुके थे, इसलिए वो 2012 में तीसरी बार रूस के राष्ट्रपति चुने गए। मार्च 2018 में पुतिन चौथी बार राष्ट्रपति बने। 2018 के चुनाव में पुतिन को 75 फीसदी से ज्यादा वोट मिले थे। जुलाई 2020 में पुतिन एक संविधान संशोधन लेकर आए। इससे उन्हें 2036 तक राष्ट्रपति बने रहने की ताकत मिल गई। पुराने कानून की जगह नए कानून ने ले ली, इसलिए पुतिन 2024 में फिर से दोबारा राष्ट्रपति का चुनाव लड़ सकते हैं। 2024 के बाद 2030 में राष्ट्रपति चुनाव होंगे। इस तरह पुतिन चाहें तो 2036 तक राष्ट्रपति बने रह सकते हैं। इस समय पुतिन सर्वाधिक शक्तिशाली नेता हैं। क्या उनका वर्चस्व ऐसा ही रहेगा या खंडित होगा, यह भविष्य के गर्भ में है?

# बोतल में लौटता नहीं यह जिन्न...

हरियाणा के नूंह (मेवात) में सोमवार को जिस तरह से शोभायात्रा निकालने के मामले में हिन्दू संगठन और प्रशासन आमने–सामने हैं, उससे साबित हो गया है कि कट्टरता का जिन्न एक बार बाहर निकले तो उसे वापस बोतल में डालना बहुत मुश्किल होता है। हर साल यहां श्रावण मास के अंतिम सोमवार को होने वाली ब्रजमंडल यात्रा बहुत प्रसिद्ध है जिसमें देश भर से बड़ी तादाद में श्रद्धालु आते हैं। 31 जुलाई को यहां के नलहड़ मंदिर के पास निकली यात्रा के दौरान हुए पथराव व तत्पश्चात हुए साम्प्रदायिक दंगों के चलते इस बार प्रशासन ने इसकी अनुमति नहीं दी थी लेकिन हिन्दू संगठन इसे निकालने के लिए आमादा हैं जिन्होंने पहले ही चेता दिया था कि उन्हें किसी की अनुमति की आवश्यकता नहीं है। नूंह के साथ ही पूरे हरियाणा में इसे लेकर तनाव है। जुलाई की आग अभी पूरी तरह से शांत नहीं हुई है और यह नये तनाव का सबब बन गया है। सोमवार को यहां धारा 144 लगा दी गई है। मंगलवार तक इंटरनेट सेवाएं बन्द रखने का ऐलान कर दिया गया है ताकि अफवाहें न फैले। प्रशासन की इस बात से नाराज हिन्दू संगठनों का न सिर्फ नूंह में बड़ा जमावड़ा है वरन सटे हुए गुरुग्राम जिले के उस हिस्से में भी दहशत फैल गई है जहां झुग्गी बस्तियां हैं और जिनमें ज्यादातर अल्पसंख्यक बसते हैं। यह वही इलाका है जहां पिछले वक्त आगजनी हुई थी और कुछ लोग मारे गये थे। सोमवार की सुबह यहां हिन्दू संगठनों द्वारा दीवारों पर लिखा पाया गया कि वे (अल्पसंख्यक) इस इलाके को खाली कर दें क्योंकि यहां से शोभा यात्रा निकलेगी। वैसे यहां के अनेक लोग पिछले दंगों के समय से ही बस्तियां छोड़कर अन्यत्र जा चुके हैं। पुलिस के आला अफसरों ने आश्वस्त तो किया है कि वे (झुग्गीवासी) न घबरायें परन्तु पिछली वारदात का खौफ इतना है कि लोगों का पुलिस व स्थानीय प्रशासन ही नहीं सरकार पर से भी भरोसा उठ चुका है। इन इलाकों में पिछले कुछ समय से तनाव और डर का माहौल है। राज्य सरकार हिन्दू संगठनों के आगे बेबस दिख रही है। प्रशासन ने शोभा यात्रा न निकलने देने के लिये पूरे इलाके में पुलिस की तैनाती की है, तो वहीं हिन्दू संगठन इस आदेश को न मानने पर आमादा हैं। वैसे नलहड़ मंदिर में पूजा के लिये प्रतीकात्मक रूप से 11 लोगों को अनुमति तो दी गई है पर इसे हिन्दू संगठन नहीं मान रहे हैं। उधर इस पूरे परिदृश्य में किसान नेता राकेश टिकैत की भी एंट्री हो गई है जिन्होंने कहा है कि अगर शोभा यात्रा निकाली गई या प्रशासन ने उन्हें अनुमति दी तो जवाब में किसान लाखों ट्रैक्टरों के साथ विशाल रैली निकालेंगे और महापंचायत भी करेंगे। उल्लेखनीय है कि जुलाई के अंत में हुए दंगों में किसान अल्पसंख्यकों के साथ थे। जाटों व मुस्लिमों की एकता से भारतीय जनता पार्टी के लोग और कट्टरवादी संगठन कमजोर पड़ गये थे। पिछले कुछ समय से इस यात्रा के कारण मुख्यमंत्री उद्योग–धंधों के मुख्यालय व कारखाने हैं। देश के जिन तीन शहरों की प्रति व्यक्ति आय सर्वाधिक है उनमें एक गुरुग्राम भी है जहां होने वाली हिंसा का असर कारोबार जगत और भारत की छवि पर पड़ेगा। उम्मीद तो है मामला इस बात का सटीक उदाहरण है कि कट्टरता को जब एक बार राज्य की ओर से बढ़ावा मिलता है तो उसे नियंत्रित करना मुश्किल हो जाता है। अनेक संगठन या व्यक्ति संविधान से ऊपर हो जाते हैं। धार्मिक संगठनों के हौसले पिछले कुछ समय से जिस बुलन्दी पर हैं, वह संविधान के लिये चुनौती बन गया है। ऐसे संगठन व लोग यह मानते हैं कि कानून का पालन करना उनके लिये आवश्यक नहीं है। पिछले कुछ समय से ऐसे अनेक दृष्टांत सामने आये हैं जब सत्ता व समाज के शीर्ष पर बैठे लोगों की अपीलें भी काम नहीं आ रही हैं। एक बार तो स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दलितों के उत्पीड़न से व्यथित होकर कह चुके हैं– श्दलितों को मारने से अच्छा है कि उन्हें (पीएम को) मार दें।श ऐसे ही, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत भी अपने लोगों को समझा चुके हैं कि श्मुस्लिम भी भाई ही हैं और इन्हें मारने वाले हिन्दू नहीं हो सकते।श जिस विचारधारा के लोग हिन्दू संगठनों को चला रहे हैं या उनके सदस्य हैं, उनमें से ज्यादातर भाजपा एवं संघ से जुड़े हैं। अपील करने वाले अपने–अपने संगठनों के शीर्ष पर हैं। जब उनका कहा बेअसर हो रहा है, तो हरियाणा के सीएम या प्रशासन की बिसात ही क्या है! नफरत और हिंसा का जिन्न वापस जाने के लिए बोतल से नहीं निकलता।





मनोहरलाल खट्टर पसोपेश में हैं क्योंकि शोभा यात्रा को अनुमति न देने से हिन्दुओं की उन्हें चुनावों में नाराजगी झेलनी पड़ सकती है। सरकार की पहले ही काफी भद्द भी पिट चुकी है। अगर शोभा यात्रा निकली और फिर से हिंसा हुई तो उसे सम्भाल पाना सरकार के लिये खासा मुश्किल होगा। नूंह जिला गुरुग्राम से लगा हुआ है जो देश का प्रमुख औद्योगिक केन्द्र है। यहां दुनिया के कई महत्वपूर्ण कि हिन्दू संगठन देश के अमन–चौन को ध्यान में रखकर इस शोभा यात्रा को सीमित व प्रतीकात्मक रूप से निकालेंगे और इसे प्रतिष्ठा का मुद्दा नहीं बनायेंगे। प्रशासन को भी चाहिये कि वह अपने निर्देशों का पालन कड़ाई से करे। साथ ही यह भी आवश्यक है कि संविधान को लागू करने की जिम्मेदारी जिन पर है, वे अपने दायित्वों का पालन कर कानून व व्यवस्था का राज बनाए रखें। वैसे यह

# विश्व विजयी नीरज चोपड़ा

विश्व एथेलेटिक्स चौम्पियनशिप की 'भाला फेंक' प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत कर भारत के खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है वह इस देश की मिट्टी के ऐसे कोहिनूर हीरे हैं जिसकी चमक से पूरी दुनिया में उजाला हुआ है। विश्व विजयी का खिताब लेकर नीरज चोपड़ा ने सिद्ध कर दिया है कि यदि भारत की युवा शक्ति चाहे तो वह पूरी दुनिया से अपनी प्रतिभा का लोहा हर क्षेत्र में मनवा सकती है। उन्होंने 88.17 मीटर की दूरी पर भाला फेंक कर कीर्तिमान स्थापित किया और साबित कर दिया कि भारत की मिट्टी में जन्मे खेलों को यदि खुद भारतवासी ही इज्जत की नजर से देखें तो यह देश कमाल कर सकता है। यदि सच पूछा जाये तो नीरज चोपड़ा भारतीय मूल के खेलों के 'महानायक' बन चुके हैं। उनसे पहले यह रूतबा कुश्ती के पहलवान गुलाम मुहम्मद बख्श उर्फ 'गामा' को ही प्राप्त हुआ है या ओलम्पिक खेलों में शामिल हाकी के खिलाड़ी मेजर ध्यान चन्द के नाम रहा है किन्तु नीरज चोपड़ा का योगदान इसलिए महान है कि भारत में क्रिकेट के खेल को जिस तरह लोकप्रिय बनाने के लिए वाणिज्यिक प्रयास हुए और इसके साथ बनावटी चकाचौंध को जोड़ा गया उसके मुकाबले भाला फेंक जैसा खेल भारत में देशी और गांव के लोगों का खेल समझा जाता था। उन्होंने इसी खेल के प्रति अपना जीवन समर्पित करके भारत की नई पीढियों को नई दिशा देने का काम किया और सन्देश दिया कि भारतीय यदि चाहे तो ग्रामीण खेल कहे जाने वाली स्पर्धाओं को भी विश्व पटल तक पहुंचा सकते हैं। इस प्रतियोगिता में 2022 में नीरज चोपड़ा दूसरे स्थान पर रह कर रजत पदक ही जीत सके थे मगर उन्होंने निश्चय कर लिया था कि उन्हें स्वर्ण पदक तक पहुंचना है। उन्हें प्रेरणा देने में आदिल साहब की भी प्रमुख भूमिका रही है जो बताती है कि भारत की तासीर कभी भी हिन्दू–मुस्लिम भेदभाव की नहीं रही। भारत के गौरव में ही इसके हर हिन्दू–मुसलमान नागरिक का गौरव होता है। एक साधारण किसान परिवार के नीरज चोपड़ा ने हरियाणा की मिट्टी में खेलते हुए अपनी लगन, निष्ठा व मेहनत से विश्व जूनियर खिताब से यहां तक का सफर जिस सफलतापूर्वक पूरा किया है उससे निश्चित रूप से भारत के लाखों गांवों के करोड़ों युवकों को प्रेरणा मिलेगी और एथेलेटिक्स की विभिन्न स्पर्धाओं में पारंगत होने का प्रयास करेंगे। इसके साथ ही हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में चल रही इस विश्व एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में भारत के ही चार धावकों ने 400 मीटर की रिले दौड़ के फाइनल में पहुंच कर भी भारत का नाम रोशन कर दिया है। ये चार धावक हैं राजेश रमेश, मुहम्मद अजमल वरियाथोडी, अमोल जैकब व मुहम्मद अनस। विश्व रिले दौड़ में शामिल इन चारों खिलाड़ियों के परिचय से ही पूरी दुनिया को भारत की असली ताकत का अन्दाजा हो जाना चाहिए। इसी से भारत की मिली–जुली संस्कृति का आभास भी पूरे विश्व को हो जाना चाहिए कि भारत की एकात्म शक्ति 'हिन्दू–मुस्लिम–सिख–इसाई' एकता ही है।हमारे खेलों में जब कोई खिलाड़ी अपनी काबलियत के दम पर शिरकत करता है तो वह न हिन्दू होता है और न मुसलमान बल्कि हिन्दोस्तानी या भारतीय नागरिक होता है। भारत की एकता की ताकत दिखाने के लिए भी हमारे खेल और खिलाड़ी भी एक नमूना हैं। अतः मजहब या धर्म का वजूद हमारे लिए पक्के तौर पर निजी मामला ही है। नीरज चोपड़ा से कुछ पीछे पिछली बार भी पाकिस्तान का खिलाड़ी अरशद नदीम रहा था और इस बार भी यह खिलाड़ी रजत पदक जीतने में सफल रहा। पिछले वर्ष नीरज और नदीम की दोस्ती को लेकर कुछ लोगों ने उल्टे–सीधे कटाक्ष भी किये थे। उन्हें शायद यह इल्म नहीं था कि विश्व स्तर पर खेलों का आयोजन होता ही है आपसी सद्भाव बढ़ाने के लिए जिसमें खिलाड़ी एक–दूसरे की प्रतिभा का सम्मान करते हैं । खेलों में संकीर्णता के लिए कोई स्थान नहीं होता। 400 मीटर की रिले दौड़ में तो चारों भारतीय हिन्दू, मुस्लिम व इसाई खिलाड़ियों ने अमेरिकी टीम को पछाड़ने के लिए जी–जान लड़ा दी जिससे भारत का परचम हर हाल में ऊंचा रहे। यही तो खेल भावना होती है जो खिलाड़ियों को आपस में बिना किसी बैर–भाव के बांधे रखती है। नीरज चोपड़ा ओलम्पिक भाला फेंक प्रतियोगिता के भी चौम्पियन है मगर बकौल उन्हीं के विश्व प्रतियोगिता ओलम्पिक से भी ज्यादा मुश्किल मानी जाती है अतः उन्होंने इसके लिए भारी मेहनत की थी। दूसरी तरफ भारत के चारों धावकों ने भी देश को फाइनल तक पहुंचा कर भारतीय सन्दर्भ में नया रिकार्ड कायम किया है। उनकी सफलता के लिए भी पूरा देश कामना करता है।

## कलेक्टर प्रतिभा पाल ने समस्त अधिकारी उच्च न्यायालय के रिट याचिका, अबमानना प्रकरणों में जबाव दाबा समय पर पेश करने के दिए निर्देश

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**विवेक तिवारी**
**(संभागीय ब्यूरो रीवा)**

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने समस्त जिला अधिकारियों एवं समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देश दिये हैं कि ये माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के रिट याचिकाओं और अबमानना प्रकरणों में समय पर जबाव पेश करें। उन्होंने कहा कि इस संबंध में पूर्व में जबाव प्रस्तुत न करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने



निर्देश दिये गये हैं कि अबमानना प्रकरणों में जिला अधिकारियों द्वारा जबाव प्रस्तुत करने में रूचि नही दिखाई जा रही है। इस कारण से कई प्रकरणों में माननीय उच्च न्यायालय में कमिश्नर एवं कलेक्टर को भी उपस्थित होना पड़ रहा है। जो कि अत्यंत खेद जनक है। उन्होंने कहा कि रिट याचिकाओं एवं अबमानना प्रकरणों में विभागों से संबंधित प्रभारी अधिकारी एवं संपर्क अधिकारी समय पर जबाव प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि साप्ताहिक टीएल बैठक में रिट याचिकाओं एवं अबमानना प्रकरणों में जबाव पेश किया गया है अथवा नहीं उसकी संपूर्ण जानकारी तैयार कर प्रस्तुत करें।

## जमीन पर कब्जा नहीं कर पाए तो पुलिस से सांठगांठ कर,कर दी फर्जी एफआईआर,फरियादियों ने एसपी के नाम सौपा पत्र

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

फरियादियों ने पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के नाम सीएसपी अरुण कुमार को सौपे पत्र में शिकायत की है, कि भारौली थाना क्षेत्र के खैरोली गांव में कुछ दबंगों के द्वारा एक किसान के वर्षों से जोते जा रहे खेत को जबरन दबंगई से कब्जाने की कोशिश की गई। जब दबंग अपने इस कृत में सफल नहीं हुए तो उन्होंने पुलिस से सांठ - गांठ करके किसान और उनके साथ देने वालों पर 307 और अन्य संगीन धाराओं में फर्जी एफ आई आर दर्ज करवा दी। जबकि प्रत्यक्षदर्शी पंचायत और गांव वालों के मुताबिक किसी भी प्रकार की कोई न तो घटना हुई ना गोलीबारी हुई । जो गोली की चोट बताई और दर्शाई जा रही है वह



फर्जी है। पीड़ित पक्ष ने इस मामले में पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के नाम समस्त पंचायत वासियों के द्वारा एक लिखित आवेदन पत्र सीएसपी अरुण कुमार उईके को सौपा है। जिसमें न्याय की गुहार की लगाई गई है। शिकायत कर्ता फरियादी लाखन सिंह पुत्र मटरू सिंह, फेरन सिंह पुत्र रामदास सिंह, दीप सिंह पुत्र रामौतार ग्राम खेरोली थाना भारौली द्वारा शिकायत में कहा कि इस पूरे मामले में भरौली थाना पुलिस की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। अब किसान पीड़ित पक्ष के लोगों को केवल पुलिस अधीक्षक से ही न्याय की उम्मीद दिखाई दे रही है।

## त्योहारों को देखते हुए थाना प्रभारी जैतवारा श्वेता मौर्य ने किया कस्बे में पैदल भ्रमण



**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

**सतना** जिले के जैतवारा थाना प्रभारी मौर्य ने जैतवारा थाना का चार्ज लेते ही लगातार पुलिस बल के साथ कस्बा ग्रामीण में भ्रमण कर रही हैं जैतवारा में स्थित बैंकों में भी जाकर ऑनलाइन फ्रॉड के बारे में बैंक मैनेजर से चर्चा कर रही हैं कि यह फ्रॉड किस तरह रोक जाए आज रक्षाबंधन के त्यौहार को देखते हुए कस्बे में भीड़भाड़ थी थाना प्रभारी श्वेता मौर्य ने उप निरीक्षक विजय सिंह के साथ थाना का बल लेकर पूरे कस्बे में पैदल भ्रमण किया जैतवारा में असामाजिक तत्वों में भय का माहौल

## विधानसभा अध्यक्ष ने मऊगंज जिले में विकास एवं कानून व्यवस्था के संबंध में चर्चा की



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**विवेक तिवारी**
**(संभागीय ब्यूरो रीवा)**

**रीवा।** विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम ने नईगढ़ी विश्राम गृह में कलेक्टर अजय श्रीवास्तव एवं पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन से जिले में विकास एवं कानून व्यवस्था के संबंध में चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मऊगंज के समग्र विकास के लिए सभी कार्य प्राथमिकता से किये जाय। हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को समय पर उपलब्ध हों तथा आमजनों की समस्याओं का समाधानकारक निराकरण सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने जिले में कानून व्यवस्था मुस्तैद रखने तथा शांति व्यवस्था रखने के निर्देश पुलिस अधीक्षक को दिये।

## एक्सीडेंट तथा मारपीट कर हत्या करने वाले आरोपियों को घटना के 24 घंटे के अंदर सभापुर थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

**सतना** -जिले के सभापुर थाना क्षेत्र के बांधी रोड पर स्थित बउली के समीप बीते दिन बुधवार कि दोपहर दो मोटरसाइकिल में भिंडत होने से सड़क हादसा हो गया था हादसे के उपरांत सिंह परिवार के बाइक सवार युवकों द्वारा दूसरे बाइक सवार से युवकों से मारपीट किये जाने से घायल युवक कि उपचार के दौरान मौत हो जाने पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है। सभापुर थाना प्रभारी निरीक्षक रावेंद्र द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि फरियादी मुदुल बसदेवा पिता राजेश बसदेवा निवासी बिजयपुर थाना धारकुंडी हाल बांधी थाना सभापुर का थाना उपस्थित आकर मौखिक रिपोर्ट




दर्ज कराया कि दिनांक 30.08.2023 फरियादी एवं उसके दोस्त रवि बसदेवा अपनी मोटरसायकल से बिरसिंहपुर बाजार जा रहे थे तभी बउली के पास रामलखन सिंह पिता चंद्रभान सिंह उम्र 28 वर्ष नि.पिपरहरी थाना पैलानी जिला बांदा (उ.प्र.) एवं सुधीर उर्फ पिंटू सिंह पिता जगतदेव सिंह उम्र 33 वर्ष निवासी बांधी थाना सभापुर जिला सतना (म.प्र.)तेज रफ्तार बाइक चलाते हुये पीछे से टक्कर मार दिये जिससे फरियादी एवं उसका दोस्त गिर गये तभी आरोपी गणों ने लात मुक्कों से मृतक रवि बसदेवा के पेट व शरीर के नाजुक अंगो मे मारपीट कर घायल कर दिये तथा मौके से फरार हो गये। जिसके उपरांत रवि बसदेवा को उपचार हेतु बिरसिंहपुर अस्पताल लाया गया जहां से उसे सतना रेफर कर दिया गया जहां इलाज के दौरान रवि बसदेवा की मृत्यू हो गयी मामले पर सतना पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देशन मे एवं अत्तिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( ग्रामीण ) के मार्गदर्शन मे आरोपी रामलखन सिंह/ पिता चंद्रभान सिंह उम्र 28 वर्ष नि.पिपरहरी थाना पैलानी जिला बांदा (उ.प्र.) एवं सुधीर उर्फ पिंटू सिंह पिता जगतदेव सिंह उम्र 33 वर्ष निवासी बांधी थाना सभापुर जिला सतना (म.प्र.) के विरुद्ध अपराध धारा 279,302,34 .ता.हि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लेकर तत्काल पुलिस टीम गठित करते हुये आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु टीम रवाना की जाकर विश्वनीय मुखबीर की सहायता से आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया,आरोपियों को कल न्यायालय पेश किया जाएगा। उक्त कार्यवाही में सभापुर थाना प्रभारी निरीक्षक रावेंद्र द्विवेदी , उनि.अजय शुक्ला ,सउनि.इंद्रदेव दूबे ,प्र.आर. आशीष तिवारी ,आर.शहंशाह खान ,आर.मंगल सिंह ,आर.अमोल सिंह कि सराहनीय भूमिका रही।

## चंद्रयान-3 की सफलता में हिस्सेदारी निभाने वाले सतना के लाल ओम पांडे का कोठी मंडल अध्यक्ष यशवंत पाण्डेय एवं मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया स्वागत,,



**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

**सतना**-चंद्रयान-3 के सफल लैंडिंग के अहम किरदार रहे करसरा के श्री प्राणनाथ पांडेय जी के पुत्र ओम पांडेय जी के गृह ग्राम करसरा में भारतीय जनता पार्टी मंडल कोठी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ जाकर फूल, माला एवं शाल, श्रीफल से स्वागत कर एवं मुंह मीठा करा कर शुभकामनाएं दी हम सभी उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं इसी तरह नित नई ऊंचाइयों पर पहुंचे और हमारे देश का नाम रोशन करें ।इस शुभ अवसर पर मंडल महामंत्री भूपेश पांडे जी, मंडल उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह जी, घनश्याम शुक्ला जी, बबबी पांडे जी, भोलू पांडे जी, रज्जन नामदेव जी, रामचरण तिवारी जी, चुन्नूबादा पांडे जी, वीरू सिंह जी, विनोद शुक्ला जी एवं सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे

## युवक की मारपीट कर 5 हजार रुपए की लूट, बचाने आए चाचा को किया घायल


**मुरैना।** जिले के कैलारस थाना अंतर्गत सब्जी मंडी के पास सामान लेने गए युवक की मारपीट कर एक दर्जन युवकों ने 5 हजार रूपए लूट लिए। इस दौरान बचाने पहुंचे चाचा को आरोपियों ने हथियार से प्रहार कर घायल कर दिया। पुलिस द्वारा लूट का मामला दर्ज न करते हुए मामूली धाराओं में मामला दर्ज किया है।फरियादी वीरसिंह पुत्र रमेशचन्द्र कुशवाह उम्र 35 साल निवासी कुशवाह मोहल्ला कैलारस ने बताया कि उसका भतीजा नीरज बुधवार की रात 09.30



बजे 5 हजार रूपए लेकर सामान लेने गया, तभी सब्जी मंडी के पास उसे राजेश राठौर एवं उसके एक दर्जन साथियों ने घर कर मारपीट कर दी। जब पप्पन कुशवाह का फोन आया कि तुम्हारे भतीजे नीरज कुशवाह के साथ बस स्टैण्ड में लड? मारपीट कर रहे है, तब वीरसिंह मौके पर पहुंचा तो उसके साथ गाली-गलोज कर राजेश राठौड़ ने उसे तेगा मारा, जिससे वीरसिंह के सिर मे गहरी चोट आई है, वहीं उसका भतीजा भी घायल हुआ है। कैलारस पुलिस ने लूट का मामला दर्ज न करते हुए मामूली धाराओं में मामला दर्ज किया है।

## मेला गेट पर चली ताबड़तोड़ गोलियां, ठेकेदार को दी धमकी

**मुरैना।** जिले के कैलारस थाना क्षेत्र में आयोजित मेले के ठेकेदार को फोन पर धमकी दी गई तथा बदमाशों द्वारा मेला गेट पर जमकर फायरिंग की गई, जिससे दहशत फैल गई। पुलिस ने रिपोर्ट पर से मामला दर्ज किया है।फरियादी रवि शर्मा ने बताया कि मंगलवार की रात अज्ञात व्यक्ति का कॉल आया और उसे मेला बंद करने की धमकी दी। रवि शर्मा ने पुलिस को बताया कि जब वह मेला गया तो वहां धमाके की आवाज आ रही थी, तब लगा कि पटाखे चल रहे हैं, लेकिन जब वह मेला गेट पर आए तो वहां ताबड़तोड़ गोलियां चल रही थी, जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ है। पुलिस द्वारा रिपोर्ट पर से मामला दर्ज कर लिया गया है।



## विकास के मुद्दे पर भाजपा का कोई तोड़ नहीं है: नरेन्द्र सिंह






**मुरैना।** विकास के मुद्दे पर भाजपा का कोई तोड़ नहीं है। भाजपा विकास की राजनीति करती है और विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ेगी। यह बात प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक व केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मुरैना पर सुमावली व सबलगढ़ विधानसभाओं की आयोजित बैठकों में कहीं।गुरुवार को प्रातः 11 बजे सुमावली विधानसभा और दोपहर 12 बजे सबलगढ़ विधानसभा की आवश्यक बैठक आगामी मिशन 2023 विधानसभा चुनाव एवं जन आशीर्वाद यात्रा की तैयारी को लेकर भाजपा जिला कार्यालय मुरैना पर प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक व केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष डॉक्टर योगेश पाल गुप्ता ने की। इस अवसर पर जिला प्रभारी जयसिंह कुशवाह सुमावली विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी व पूर्व मंत्री ऐदल सिंह कंसाना और सबलगढ़ विधानसभा प्रत्याशी पूर्व जनपद अध्यक्ष श्रीमती सरला रावत, चुनाव प्रबंधन समिति के जिला संयोजक श्रीवल्लभ दंडोतिया, पूर्व जिला अध्यक्ष केदार सिंह यादव विशेष रूप से उपस्थित थे।बैठक में कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए केंद्रीय मंत्री तोमर ने कहा कि भाजपा के लिए सरकार समाज सेवा का माध्यम है। केंद्र में मोदी व प्रदेश की शिवराज सरकार ने समाज के अंतिम छोर तक व्यक्ति को समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से काम किया है। रक्षाबंधन पर बहनों को उपहार स्वरूप केंद्र सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर पर 200 रूपए की कमी कर बड़ा उपहार दिया है। किसानों को सम्मान निधि सहित बहनों को लाडली बहन योजना में 1000 और रक्षाबंधन पर 1250 रुपए उपहार स्वरूप देने का काम किया है।

## 9 सितम्बर, को लोक अदालत में मिलने वाले लाभों से आमजन हो रहे जागरूक

भिंड मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार 09 सितम्बर, 2023 को जिला न्यायालय भिण्ड एवं तहसील न्यायालय लहार, गोहद एवं मेहगांव में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में सुरभि मिश्रा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड के निर्देशानुसार प्रतिदिन 09 सितम्बर, 2023 को आयोजित नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु वाहन एवं पीएलव्ही के माध्यम से आमजन को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में एडीआर. सेंटर भिण्ड से दो ई-रिक्शा वाहन को रवाना किया गया जिसके माध्यम से पूरे भिण्ड शहर तथा समीपवर्ती गांवों में लोक अदालत का प्रचार-प्रसार किया गया तथा लोक अदालत के लाभों के संबंध में आमजनों को पीएलव्ही बृजेन्द्र कुमार एवं



नीलकमल सिंह द्वारा पेप्लेट्स वितरित कर जानकारी दी गई। ए0डी0आर0 सेन्टर भिण्ड से लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु आमजन में लोक अदालत की प्रक्रिया एवं राजीनामें के फायदों के संबंध में जागरूकता प्रसारित करने के लिए नगरपालिका परिषद् भिण्ड के समन्वय से प्रचार-प्रसार वाहनों को रवाना किया गया। उक्त प्रचार-प्रसार वाहनों को हिमांशु कौशल, जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर हेमंत बौहरे, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, अजय कुमार त्रिपाठी एवं रामवीर सिंह भदौरिया डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, अमित थापक, श्रीमती साधना मिश्रा एवं सुश्री विदुषी राजवत असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल भिण्ड एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## भारतीय जनता पार्टी की जन आशीर्वाद यात्रा 8 सितंबर को भिण्ड की सीमा में करेगी प्रवेश – देवेंद्र सिंह नरवरिया

**भिण्ड।** भारतीय जनता पार्टी मिशन 2023 विधानसभा चुनाव में जनता से आशीर्वाद लेने के लिए यात्रा क्रमांक 5 दिनांक 8 सितंबर को बुधारा पर में प्रवेश करेगी जहां जिले की सीमा पर भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता वहां पहुंचकर यात्रा की भाव अगवानी करते हुए मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के नगर परिषद गोरमी में शाम 5ः00 बजे प्रवेश करेगी जहां रथ सभा के माध्यम से पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व संबोधित करेंगे और पार्टी के कार्यकर्ता जगह-जगह स्वागत के लिए तोरण द्वार बनाकर यात्रा पर पुष्प वर्षा करेंगे। उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने दी।भाजपा जिला अध्यक्ष नरवरिया ने बताया की जन आशीर्वाद यात्रा 8 सितंबर 5ः30 बजे गोरमी में प्रवेश करेगी, मेहनपुरा, शाम 6ः30 बजे कचनाव, शाम 7ः00 बजे प्रतापपुर, होती हुई , अटेर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत पारा मैं जनसभा आयोजित की जाएगी। यह यात्रा पारा से प्रारंभ होकर अनेक स्थानों पर स्वागत होगा और भिण्ड शहर में अटेर रोड होती हुई प्रवेश करेगी जहां शहर के जगह-जगह स्थान पर यात्रा का भाव स्वागत पुष्प वर्षा होती हुई अहिंसा चौक खंड रोड पर रात्रि 8ः00 बजे जनसभा में पहुंचेगी जहां पार्टी के वरिष्ठ नजन एवं केंद्रीय मंत्री मुख्यमंत्री तथा संगठन के नेता विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। रात्रि विश्राम भिण्ड में ही होगा। भाजपा जिला अध्यक्ष नरवरिया ने बताया की तीन दिन तक चलने वाली जन आशीर्वाद यात्रा दूसरे दिन 9 सितंबर को भिण्ड से प्रारंभ होकर सुबह लावन बरही, गिजुर, बरहद बहुआपुरा से स्वागत होती हुई विधानसभा क्षेत्र %गोहद चौराहा में प्रवेश करेगी जहां गोहद में सभा



आयोजित होगी यह यात्रा मौ मैं भाव स्वागत होगा। विधानसभा क्षेत्र लहर में शाम 5ः00 बजे विशाल जनसभा संबोधित की जाएगी और रात्रि या विश्राम श्री रावतपुरा धाम में होगा।भाजपा जिला अध्यक्ष नरवरिया ने बताया की जन आशीर्वाद यात्रा तीसरे दिन 10 सितंबर को सुबह श्री रावतपुरा धाम से सुबह प्रस्थान होती हुई दमोह पहुंचेगी जहां दमोह नगर रतनपुर में भाव पार्टी के कार्यकर्ता यात्रा का स्वागत करेंगे उसके बाद ही है यात्रा दतिया जिले के सेवाड़ा विधानसभा में प्रवेश कर जाएगी।भाजपा जिला अध्यक्ष नरवरिया ने सभी विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्षों से आग्रह किया है की जिन-जिन स्थानों से यात्रा एवं जनसभा आयोजित की जा रही है जिसे प्रभावी बनाने के लिए अपने-अपने क्षेत्र में जनसंपर्क करते हुए सभा एवं स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं को निर्धारित स्थानों पर पहुंच कर यात्रा की अगवानी करें। उन्होंने कहा कि जन आशीर्वाद यात्रा को प्रभावी बनाने के लिए कार्यकर्ता मुख्य भूमिका में आकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए भाव स्वागत की तैयारी करें।

## कितना अच्छा होता अगर एशिया कप के सभी मैच पाकिस्तान में होते : बाबर आजम

**मुल्तान।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम एशिया कप की मेजबानी के हाइब्रिड मॉडल को लेकर किसी तरह का मसला खड़ा नहीं करना चाहते हैं लेकिन उनका मानना है कि अगर इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के सभी मैचों का आयोजन उनके देश में होता तो अच्छा होता। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अगुवाई वाली एशियाई क्रिकेट परिषद ने हाइब्रिड मॉडल को चुना जिसमें कुछ मैचों की मेजबानी श्रीलंका करेगा। इनमें भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मैच भी शामिल हैं।



बाबर आजम ने नेपाल के खिलाफ उद्घाटन मैच की पूर्व संध्या पर संवाददाताओं से कहा कि अगर आप मुझसे पूछो तो अच्छा होता अगर पूरा टूर्नामेंट पाकिस्तान आयोजित करता लेकिन दुर्भाग्य से इसको लेकर कुछ नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि पेशेवर होने के नाते हमें जो भी कार्यक्रम दिया गया है हम उसके लिए तैयार हैं। इनमें यात्रा करना और लगातार मैच खेलना भी शामिल हैं और हम इसके लिए तैयार हैं।

## बांग्लादेशी विकेटकीपर लिटन दास एशिया कप से बाहर, ये है वजह

**ढाका।** बांग्लादेश के विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास बीमारी के कारण बुधवार को एशिया कप से बाहर हो गए जिससे श्रीलंका के खिलाफ पहले मैच से पूर्व उनकी टीम को करारा झटका लगा। दास वाइरल बुखार से उबर नहीं सके जिसकी वजह से श्रीलंका नहीं जा पाए। बांग्लादेश का सामना पहले मैच में श्रीलंका से होना है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने उनकी जगह 30 वर्ष के विकेटकीपर बल्लेबाज अनामुल हक बिजॉय को टीम में शामिल किया है जो बुधवार को टीम से जुड़ेंगे। बोर्ड की राष्ट्रीय चयन समिति के अध्यक्ष मिन्हाजुल अबेदिन ने कहा, 'अनामुल ने घरेलू क्रिकेट में रन बनाए हैं और हमने बांग्लादेश टाइगर्स कार्यक्रम में उनका प्रदर्शन देखा है। लिटन के उपलब्ध नहीं होने से उन्हें मौका दिया गया।



## आनंद महिन्द्रा का ऐलान- प्रज्ञानन्दा को देंगे XUV 400 EV, मां-बाप के लिए लिखा सुंदर मैसेज

**मुंबई।** दिग्गज चैस प्लेयर मैगनस कार्लसन को फाइनल में टक्कर देने वाले प्रज्ञानन्दा की मेहनत को आनंद महिन्द्रा ने भी सलाम किया है। शतरंज विश्व कप 2023 का फाइनल मैच हारने के बावजूद आर प्रज्ञानन्दा ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। 18 वर्षीय प्रज्ञानन्दा शतरंज विश्व कप फाइनल में पहुंचने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी है। बहरहाल, उनकी उपलब्धि से गद्गद एक प्रशंसक ने सोशल मीडिया पर आनंद महिन्द्रा से गुजारिश की थी कि क्रिकेट सितारों, ओलिम्पिक मैडल जीतने वाले प्लेयरों की तरह प्रज्ञानन्दा को भी थार गिफ्ट की जानी चाहिए।

इस पर आनंद महिन्द्रा ने सोशल मीडिया साइट्स एक्स पर लिखा- आपकी भावना की सराहना करता हूं, कृषले। और आपके जैसे कई लोग मुझसे उसे एक थार उपहार में देने का आग्रह कर रहे हैं। मैं माता-पिता को अपने बच्चों को शतरंज से परिचित कराने और इस सेरेब्रल गेम को आगे बढ़ाने में उनका समर्थन करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहूंगा (वीडियो गेम की लोकप्रियता में वृद्धि के बावजूद!)। यह ईवी की तरह ही हमारे ग्रह के बेहतर भविष्य के लिए एक निवेश है। और इसलिए, मुझे लगता है कि हमें उनके माता-पिता को एक XUV4OO EV उपहार में देनी चाहिए। श्रीमती नागलक्ष्मी और श्री रमेशबाबू, जो अपने बेटे के जुनून को पोषित करने और उसे अपना अथक समर्थन देने के लिए हमारे आभार के पात्र हैं। आप क्या सोचते हैं @राजेश664.

# हुबली टाइगर्स ने जीती महाराजा ट्रॉफी, रोमांचक फाइनल में मैसूर वारियर्स को 8 रन से हराया



**चेन्नई।** महराजा ट्रॉफी केएससीए टी20 टूर्नामेंट में हुबली टाइगर्स ने आखिरकार फाइनल मुकाबले में मैसूर वारियर्स को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। हुबली टाइगर्स ने पहले खेलते हुए ताहा के 72 तो कप्तान मनीष पांडे के 50 रनों की बदौलत 203 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी मैसूर वारियर्स की टीम 8 विकेट पर 195 रन ही बना सकी। मनवंथ कुमार ने आखिरी ओवर में 2 विकेट लेकर अपनी टीम को रोमांचक जीत दिलाई।

बहरहाल, हुबली टाइगर्स ने पहले खेलते हुए खराब शुरूआत की थी। लवनीथ सिसोदिया 0 पर ही आऊट हो गए। इसके बाद ताहा ने 40 गेंदों पर 7 चौके और 4 छक्कों की मदद से 72, कृष्णन ने 38 रन बनाकर स्कोर 100 पार पहुंचाया। हुबली के लिए मनीष पांडे ने 23 गेंदों पर 3 चौके और 4 छक्कों की मदद से 50 रन बनाकर स्कोर 203 तक पहुंचाया जिसके जवाब में मैसूर ने कार्तिक और समर्थ की बदौलत मजबूत शुरूआत की। कार्तिक ने 28 तो समर्थ ने 63 रन बनाए। कप्तान करुण नायर ने भी 37 रन बनाए लेकिन इसके बाद मैसूर का कोई भी बल्लेबाज टिककर रन नहीं बना पाया और आखिरी ओवर में मनवंथ के दो विकेट निकालने पर पूरी गेम पलट गई। इस तरह हुबली टाइगर्स ने यह फाइनल मुकाबला जीत लिया। मनवंथ ने 32 रन देकर तीन, विधाथ कावेरप्पा ने 40 रन देकर 2, यादव ने 15 रन देकर 1, कैरिअप्पा ने 50 रन देकर 1 विकेट लिया। खिताब जीतने के बाद हुबली टाइगर्स के कप्तान मनीष पांडे ने कहा कि अभी मेरे दिमाग में बहुत सी बातें चल रही हैं। यहां प्रशंसकों के सामने खड़ा होना बहुत अच्छा लग रहा है। बल्लेबाज की बात करूं तो जैसे ही बल्ला क्लिक हुआ तो मैंने सोचा- ओह माई वर्ड। सौभाग्य से मैंने लय पकड़ ली। एक कप्तान और खिलाड़ी के रूप में योगदान देकर खुश हूं। विश्वास था, जैसा कि हर कप्तान को होता है कि मेरी टीम जीतेगी। ग्राउंड्समैन ने वास्तव में अच्छा काम किया है। यह सचमुच अच्छा विकेट था।

**सबसे ज्यादा रन :** टूर्नामेंट में करुण नायर ने सबसे ज्यादा 532 रन बनाए। करुण ने एक शतक और 3 अर्धशतक भी लगाए। मोहम्मद ताहा ने 448, रविकुमार समर्थ ने 422, कृष्णन ने 393, मनीष पांडे 332 रन बनाने में सफल रहे।

**सबसे ज्यादा विकेट :** मनवंथ कुमार और अभिलेश शेट्टी ने सबसे ज्यादा 12-12 मैचों में 22-22 विकेट लिए। जगदीशन ने 16, श्रेयस गोपाल ने 14 तो प्रवीण दुबे ने 13 विकेट चटकाए।

# एशियाई हॉकी 5 विश्व कप क्वालीफायर : भारत ने बांग्लादेश को दी करारी शिकस्त



**सालालाह ।** मनिंदर सिंह और मोहम्मद राहील के क्रमशः चार और तीन गोल की मदद से भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने एशियाई हॉकी 5 विश्व कप क्वालीफायर के पहले मैच में बांग्लादेश को 15.1 से हराया। मनिंदर ने 10वें, 18वें, 28वें और 30वें मिनट में गोल दागे। वहीं राहील ने दूसरे, 15वें और 24वें मिनट में गोल किया। सुखविंदर ने 13वें और 22वें, गुरजोत सिंह ने 13वें और 23वें, पवन राजभर ने 19वें और 26वें मिनट में गोल किए। मनदीप मोर ने आठवें और दिप्सन टिर्की ने नौवे मिनट में गोल दागा। बांग्लादेश के लिये एकमात्र गोल सावन सरोवर ने दूसरे मिनट में किया। भारत ने आक्रामक शुरूआत की और पवन ने विरोधी सर्कल में प्रवेश किया लेकिन बांग्लादेश ने उन्हें गोल नहीं करने दिया। जवाबी हमले में बांग्लादेश के लिए सरोवर ने गोल दाग दिया। इसके बाद भारतीय कप्तान मनदीप ने आठवें मिनट में गोल दागकर शुरूआत की और फिर भारतीय खिलाड़ियों ने मुड़कर नहीं देखा और 15-1 के साथ जीतकर वापस लौटे।

## पाक प्रशंसक बोले-टीम इंडिया यहां आती तो अच्छा होता, यहां हर कोई विराट को प्यार करता है

**मुल्तान।** एशिया कप 2023 को लेकर पाकिस्तान के फैंस भी तैयार हैं। टूर्नामेंट का पहला ही मुकाबला मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम में नेपाल और पाकिस्तान में होना है। एशिया कप पहले अकेले पाकिस्तन में ही होना था लेकिन बढ़ती गर्मी के कारण इसे श्रीलंका के साथ साझा कर दिया गया। पाकिस्तान में अब 4 तो श्रीलंका में 9 मुकाबले होने हैं। पहले पाकिस्तानी क्रिकेट फैंस को उम्मीद थी कि टीम इंडिया पाकिस्तान जाएगी तो वहां विराट कोहली का एक्शन में देखने को मिलेगा लेकिन ऐसा हो नहीं पाया। लेकिन पाकिस्तानी फैंस अभी भी विराट की पाकिस्तान में आमद को लेकर आश्वस्त हैं। एशिया कप से पहले कई फैंस ने विराट को पाकिस्तान में खेलते देखने की इच्छा जाहिर की। स्थानीय क्रिकेट फैंस ने कहा कि कई टीमें पाकिस्तान में खेलने वाली हैं। अगर भारत आता तो उत्साह का स्तर बहुत अधिक होता। यहां हर कोई विराट कोहली को पसंद करता है। पाकिस्तान में भी बहुत सारे भारतीय प्रशंसक हैं और हर कोई विराट कोहली को पसंद करता है। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि एशिया कप के मैच पाकिस्तान




में हो रहे हैं। हम हाइब्रिड मॉडल से बहुत खुश नहीं हैं। अच्छा होता अगर अन्य टीमें भी मुल्तान में खेलतीं। नियमित रूप से क्रिकेट देखने वाले एक स्थानीय व्यक्ति ने कहा कि अगली बार भारत निश्चित रूप से पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी के लिए आएगा। 20 वर्षीय दाएं हाथ के तेज गेंदबाज नसीम शाह इस समय विश्व क्रिकेट में धूम मचा रहे हैं। उनपर एशिया कप के दौरान नजरें रहेंगी।

बता दें कि चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान के बीच मैच 2 सितंबर को कैंडी के पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होगा और यह मेन इन ब्लू के अभियान की शुरुआत का प्रतीक होगा। सह-मेजबान पाकिस्तान अपनी टीम की घोषणा करने वाली पहली टीम थी और बाबर आजम की टीम को भारत और नेपाल के साथ ग्रुप ए में रखा गया है।

बहरहाल, क्रिकेट से प्यार करने वाले एक स्थानीय व्यक्ति ने कहा कि पाकिस्तान की तेज गेंदबाजी लाइनअप में जिस खिलाड़ी पर नजर रहेगी वह उनके बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी हैं। उनके शुरुआती धमाके के दौरान शीर्ष बल्लेबाज भी सावधान रहते हैं। हमें उम्मीद है कि जिस तरह से पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के साथ खेला है, वैसा ही प्रदर्शन एशिया कप में भी करेगा। हमें शाहीन अफरीदी और नसीम शाह से उम्मीदें हैं. कोई भी टीम कमजोर नहीं होती, जिम्बाब्वे और पाकिस्तान के बीच मैच की तरह किस्मत भी मायने रखती है÷ हमें उम्मीद है कि पाकिस्तान एशिया कप जीतेगा।

# बेन स्टोक्स की वापसी पर बोले इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर, कहा- यह क्रिकेट के लिए बहुत अच्छा है

**लंदन ।** इंग्लैंड के सफेद गेंद के कप्तान जोस बटलर ने वनडे संन्यास से वापस आने के फैसले के बाद सुपरस्टार' बेन स्टोक्स की सराहना की। इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान ने तनाव और घुटने की चोट के कारण पिछली गर्मियों में 50 ओवर के क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी।

अगले महीने चार वनडे मैच शुरू होने से पहले इंग्लैंड चार टी20 मैचों में ब्लैक कैप्स से खेलेगा और बटलर ने कहा कि वह स्टोक्स की वापसी से 'खुश' हैं। बटलर के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा गया, 'यह सभी मोर्चों पर बेहतरीन खबर है, विश्व कप में बेन स्टोक्स जैसे सुपरस्टार का होना क्रिकेट के लिए बहुत अच्छा है। आप उन खिलाड़ियों को उन प्रमुख शोपीस इवेंट में देखना चाहते हैं, इसलिए यह शानदार है। उन्होंने खुद को उपलब्ध रखा है। जब उस स्तर का कोई खिलाड़ी दोबारा उपलब्ध होता है, तो वास्तव में यह कोई आसान बात नहीं है कि आप उन्हें अपनी टीम में वापस चाहते हैं। लेकिन विशेष रूप से पिछले कुछ विश्व कपों में, वह निर्णायक क्षण में मध्य में रहने वाला व्यक्ति है। हम उसे वापस पाकर खुश हैं, यह सिर्फ क्रिकेट ही नहीं बल्कि वह सब कुछ है जो वह समूह में लाता है।' स्टोक्स ने 2019 में इंग्लैंड की 50 ओवर के विश्व कप जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी उन्होंने बटलर के साथ सुपर ओवर में खेलने से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में नाबाद 84 रन बनाए थे। बटलर के अनुसार, वह एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में एकदिवसीय टीम में वापसी करेंगे। उन्होंने कहा, 'बेन और मैं आईपीएल के दौरान मिले, इस बारे में कुछ अच्छी बातचीत हुई कि वह साल में क्या हासिल करना चाहता है, इसलिए वह मेरे पास आया और कहा कि एशेज उसकी मुख्य प्राथमिकता है, लेकिन अगर वह शारीरिक रूप से ऐसा कर सका तो वह ऐसा करेगा।' बटलर ने कहा, 'विश्व कप के लिए मेरे नाम पर विचार किया जाना पसंद है, 'इसलिए मैंने इसे वहीं छोड़ दिया और कहा कि आप एशेज के बाद मुझे बताएं कि आप कैसा महसूस कर रहे हैं। हमने उसके बाद बात की, उन्होंने कहा कि वह उपलब्ध रहेंगे।% एक बल्लेबाज और मेरे लिए यह कहने के लिए काफी था, 'शानदार, मैं तुम्हारे वापस पाने के लिए इंतजार नहीं कर सकता।' टी20 सीरीज बुधवार को डरहम के रिवरसाइड ग्राउंड में शुरू होगी। चार मैचों की टी20आई श्रृंखला के बाद एकदिवसीय श्रृंखला होगी, जिसमें भी चार मैच होंगे।




# किंग्स कप के लिए 23 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा, छेत्री को मिला विश्राम

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम को किंग्स कप टूर्नामेंट में करिश्माई खिलाड़ी सुनील छेत्री की सेवाएं नहीं मिलेगी और उनकी गैरमौजूदगी में मनवीर सिंह अग्रिम पंक्ति का नेतृत्व करेंगे। टीम के नियमित कप्तान छेत्री पिता बनने वाले है। बच्चे के जन्म के समय परिवार को समय देने के लिए उन्हें इस टूर्नामेंट से विश्राम दिया गया है। छेत्री हालांकि एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में मौजूद रहेंगे। चार देशों की इस टूर्नामेंट का आयोजन नॉकआउट प्रारूप में होगा। इसका आयोजन थाईलैंड के चियांग माई में सात से 10 सितंबर तक होगा। टूर्नामेंट के 49 वें सत्र के लिए भारतीय कोच इगोर स्टिमक ने मंगलवार को 23 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की। मनवीर को अग्रिम पंक्ति में रहीम अली और राहुल केपी का साथ मिलेगा। ब्रैंडन फर्नांडिस और सुरेश वांगजम की राष्ट्रीय टीम में वापसी हुई है, जिससे छेत्री की अनुपस्थिति में भी काफी संतुलित दिखती है। टीम की रक्षापंक्ति की कमान अनुभवी संदेश झिंगन और सुभाशीष बोस संभालेंगे जबकि मिडफील्ड में अनिरुद्ध थापा, रोशन नाओरेम सिंह, सहल अब्दुल समद और ब्रैंडन जैसे खुद को साबित कर चुके खिलाड़ी शामिल हैं। गुरप्रीत सिंह संधू और अमरिंदर गोलकीपर की भूमिका निभायेंगे। विश्व रैंकिंग में 99वें स्थान पर काबिज भारतीय टीम सेमीफाइनल में सात सितंबर को 70वीं रैंकिंग की टीम इराक से भिड़ेगी।



मेजबान थाईलैंड (113वीं रैंकिंग) दूसरे सेमीफाइनल में लेबनान (100वीं रैंकिंग) का सामना करेगा। सेमीफाइनल की विजेता टीमें 10 सितंबर को फाइनल मुकाबला खेलेगी जबकि हारने वाली टीमों के बीच इसी दिन तीसरे और चौथे स्थान का प्लेऑफ होगा। भारतीय टीम ने पिछली बार 2019 में इस टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था। टीम ने तब कांस्य पदक जीता था।

**भारतीय टीम :**

**गोलकीपर :** गुरप्रीत सिंह संधू, अमरिंदर सिंह, गुरमीत सिंह

**डिफेंडर :** आशीष राय, निखिल पुजारी, संदेश झिंगन, अनवर अली, मेहताब सिंह, लालचुंगनुंगा, आकाश मिश्रा, सुभाशीष बोस।

**मिडफील्डर:** जैक्सन सिंह थौनाओजम, सुरेश सिंह वांगजम, ब्रैंडन फर्नांडिस, सहल अब्दुल समद, अनिरुद्ध थापा, रोहित कुमार, आशिक कुरुनियान, नाओरेम महेश सिंह, लालियानजुआला छांगते।

**फॉरवर्ड :** मनवीर सिंह, रहीम अली, राहुल केपी

**मुख्य कोच :** इगोर स्टिमक

# नीरज के चाचा भीम चोपड़ा का खुलासा, नीरज के बहुत बड़े प्रशंसक हैं पाकिस्तान के अरशद नदीम

**पानीपत (हरियाणा) ।** भारत के शीर्ष भाला स्टार नीरज चोपड़ा के परिवार ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 में उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए उनकी प्रशंसा की और पाकिस्तान के अरशद नदीम के साथ प्रतिद्वंद्विता के बारे में बात की। नीरज ने अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो रिकॉर्ड किया। अपने दूसरे प्रयास में 88.17 मीटर के साथ उन्होंने स्वर्ण पदक जीता। राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 87.82 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता जबकि चेक गणराज्य के जैकब वडलेज ने 86.67 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

25 वर्षीय नीरज चोपड़ा के चाचा भीम चोपड़ा ने अरशद नदीम और नीरज के बीच मैदान पर प्रतिद्वंद्विता के दूसरे पक्ष पर बात की और संवाददाताओं से कहा, 'अरशद नदीम नीरज के बहुत बड़े फैन हैं और वह नदीम के आदर्श हैं। पाकिस्तान में भी नीरज की 10 से 20 फीसदी फैन फॉलोइंग है।' नीरज के पिता सतीश चोपड़ा ने बताया कि नीरज की सफलता उनके परिवार के साथ-साथ पूरे देश के लिए क्या मायने रखती है। उन्होंने कहा, 'यह न केवल हमारे परिवार के लिए बल्कि पूरे देश के लिए गर्व की बात है क्योंकि वह भारत के लिए प्रदर्शन करता है।'



नीरज की मां सरोज देवी जो अब अपने चैंपियन बेटे की घर वापसी का इंतजार कर रही हैं, से नीरज की वैवाहिक बंधन में बंधने की योजना के बारे में पूछताछ की गई। ÷यह उस पर निर्भर है कि वह क्या कर सकता है वह जब चाहें तब शादी कर लें। हम इस मामले पर उस पर दबाव नहीं डालेंगे। नीरज 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेलों, हांग्जो में मैदान पर वापस आएंगे। यह प्रतियोगिता 25 वर्षीय भाला फेंक खिलाड़ी के लिए इस साल की अंतिम बड़ी प्रतियोगिता होगी।

# चेन्नई में 18 साल के प्रगनाननंदा के स्वागत में उमड़ी भारी भीड़; फूल बरसाए, बुके और शॉल भी दिए

**पुणे।** देश के सबसे युवा ग्रैंडमास्टर और मौजूदा समय में सबसे बेहतरीन शतरंज खिलाड़ी प्रगनाननंदा शतरंज विश्व कप में सबसे युवा उपविजेता बनने के बाद अपने घर लौट आए हैं। 18 साल के प्रगनाननंदा ने इस साल शतरंज विश्व कप में दुनिया के कई बेहतरीन खिलाड़ियों को हराने के बाद जमकर सुर्खियां बटोरी हैं और वह बेहद लोकप्रिय हो चुके हैं। वह जब अपने घर लौटे तो चेन्नई में लोग बड़ी संख्या में उनका इंतजार कर रहे थे। भीड़ के बीच उन्हें सुरक्षा के साथ ले जाया गया। इस दौरान उनके प्रशंसकों ने उन पर फूलों की बारिश की। उन्हें बुके और शॉल के साथ सम्मानित किया गया। प्रगनाननंदा के स्वागत का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें उनके प्रति चेन्नई के लोगों का प्यार देखने को मिल रहा है। प्रगनाननंदा ने गर्मजोशी और उत्साहपूर्ण स्वागत पर प्रसन्नता व्यक्त की और उस क्षण की भव्यता को स्वीकार किया। हार्दिक कृतज्ञता के साथ, उन्होंने उन सभी लोगों को धन्यवाद दिया जो उनकी पूरी यात्रा में उनके साथ खड़े रहे, उनके प्रोत्साहन ने इन लोगों की भूमिका में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शतरंज विश्व कप में कमाल करने वाले प्रगनाननंदा के माता-पिता ने भी उनकी सफलता में अहम योगदान दिया है। खासकर उनकी मां नागलक्ष्मी आज भी हर विदेशी दौरे में उनके साथ जाती हैं और अपने हाथ से खाना बनाकर उन्हें खिलाती हैं, ताकि बेटे की तबीयत ठीक रहे और उसे कोई परेशानी का सामना न करना पड़े।

## घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में भारी कटौती, अमित शाह ने जताई खुशी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में 200 रुपये की सब्सिडी देने पर खुशी जताई है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है।शाह ने ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने रक्षाबंधन व ओणम के अवसर पर माताओं-बहनों के लिए घरेलू सिलेंडर पर 200 रुपये की सब्सिडी को मंजूरी दी है। इस फैसले से उज्ज्वला योजना के तहत मिलने वाले गैस



सिलेंडर की कुल सब्सिडी अब 400 रुपया हो जाएगी। इससे बदलते वैश्विक परिदृश्य के कारण बढ़ी महंगाई से जनता को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि कैबिनेट ने 75 लाख नये उज्ज्वला कनेक्शन को भी मंजूरी दी है। इससे गरीब और जरूरतमंद माताओं को धुएं के अभिशाप से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि इन जनकल्याणकारी निर्णयों के लिए वह प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त करते हैं।

## घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कमी, बहनों को मोदी सरकार त्योहारों पर का उपहार -अश्विनी चौबे

**नई दिल्ली।** घरेलू गैस (एलपीजी सिलेंडर) की कीमतों में कमी पर केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह त्योहारों पर माताओं - बहनों को मोदी सरकार का उपहार है। घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में प्रति सिलेंडर 200 रुपये घटाया गया है। यह प्रधानमंत्री



की तरफ से देश के माताओं-बहनों को रक्षाबंधन का उपहार है। इस निर्णय से उज्ज्वला लाभार्थियों की कुल सब्सिडी 200 से बढ़कर 400 रुपये हो जाएगी। केंद्रीय मंत्री चौबे ने कहा कि प्रधानमंत्री के इस सर्वस्पर्शी निर्णय से पर्व-त्योहारों की रौनक और बढ़ेगी और मध्यम और सामान्य वर्ग के 33 करोड़ परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही 75 लाख और गरीब मां-बहनों को उज्ज्वला योजना के तहत निःशुल्क एलपीजी सिलेंडर देने का निर्णय लिया गया है। इससे कुल उज्जवला लाभार्थियों की संख्या 10.35 करोड़ हो जाएगी। यह निर्णय हर घर स्वच्छ ईंधन से स्वास्थ्य, सुरक्षा और महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने इस जन-हितैषी निर्णय के लिए प्रधानमंत्री मोदी आभार व्यक्त किया।

## रसोई गैस की कीमतों में भारी कटौती, नड्डा ने प्रधानमंत्री का जताया आभार

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में भारी कटौती के निर्णय पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है। नड्डा ने एक्स (ट्विटर) पर कहा कि



प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में रसोई गैस की क़ीमत में भारी कटौती का निर्णय लिया गया। इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी का हृदय से आभार। उन्होंने कहा कि अब उज्ज्वला लाभार्थियों को रसोई गैस ?700 में और अन्य सभी उपभोक्ताओं को रसोई गैस ?900 में मिलेगी। रक्षाबंधन पर हमारी नारी शक्ति को मोदी जी का उपहार। इस निर्णय से देशभर में 33 करोड़ उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।

## गैस की कीमतें कम होने से बहनों के जीवनयापन में आसानी बढ़ेगी : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार ने सभी एलपीजी उपभोक्ताओं यानी 33 करोड़ कनेक्शन वालों के लिए एलपीजी सिलेंडर की कीमत 200 रुपये प्रति सिलेंडर कम करने का फैसला लिया है। इस निर्णय के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ट्वीट कर कहा कि, 'रक्षाबंधन का पर्व अपने परिवार में खुशियां बढ़ाने का दिन होता है। गैस की कीमतों में कटौती होने से मेरे परिवार की बहनों की सहूलियत बढ़ेगी और उनका जीवन और आसान होगा। मेरी हर बहन खुश रहे, स्वस्थ रहे, सुखी रहे, ईश्वर से यही कामना है।'

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि पीएम उज्ज्वला योजना के उपभोक्ताओं को उनके खाते में 200 रूपये सिलेंडर की सब्सिडी मिलती रहेगी। सरकार ने 75 लाख अतिरिक्त पीएम




उज्ज्वला कनेक्शन को भी मंजूरी दे दी है, जिससे कुल पीएमयूवाई लाभार्थियों की संख्या 10.35 करोड़ हो जाएगी।

## घरेलू सिलेंडर पर दी गई छूट को कांग्रेस ने बताया चुनावी

**नई दिल्ली।**केन्द्र सरकार की ओर से घरेलू सिलेंडर पर 200 रुपये की सब्सिडी दिए जाने को लेकर कांग्रेस ने इसे चुनावी करार दिया है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ट्वीट कर कहा कि 200 रुपये सिलेंडर पर कम करना चुनावी फैसला है। मोदी सरकार को जनता के हितों से कोई लेना- देना नहीं है। मोदी सरकार अब माताओं-बहनों से दिखावटी सद्भावना जता रही है।

खड़गे ने कहा कि साढ़े 9 सालों तक 400 रुपये का एलपीज सिलेंडर 1100 रुपये में बेचते रहे और अब सब्सिडी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार यह जान ले कि 140 करोड़ भारतीयों को साढ़े 9 साल तड़पाने के बाद 'चुनावी लॉलीपॉप' थमाने से काम नहीं चलेगा। खड़गे ने कहा कि भाजपा लागू कमरतोड़ महंगाई का



मुक़ाबला करने के लिए कांग्रेस पार्टी पहली बार कई राज्यों में गरीबों के लिए केवल 500 रुपये का सिलेंडर करने वाली है। राजस्थान सरकार इसे लागू भी कर चुकी है।

# धर्मेंद्र प्रधान ने कॉमिक बुक लेट्स मूव फॉरवर्ड लॉन्च की

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने लेट्स मूव फॉरवर्ड नामक एक उपन्यास कॉमिक बुक लॉन्च की। यह पुस्तक 11 भाषाओं में उपलब्ध होगी। कार्यक्रम यहां कौशल भवन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूली शिक्षा शिक्षा एवं साक्षरता सचिव संजय कुमार, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के सचिव अतुल कुमार तिवारी, एनसीईआरटी निदेशक डॉ. दिनेश प्रसाद सकलानी, शिक्षा मंत्रालय और यूनेस्को के अधिकारी और छात्र भी उपस्थित थे। पाएं घोड़े जैसी शक्ति मात्र 7 दिनों में, 100 त्र रिजल्ट की गारंटी इस अवसर पर धर्मेंद्र प्रधान ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह पुस्तक छात्रों को अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण पर मुख्य ध्यान देने के साथ कहानी कहने के माध्यम से उनका मनोरंजन करते हुए समग्र कल्याण को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण संदेश देने में कहानियों के महत्व पर भी जोर दिया और उम्मीद जताई कि भविष्य में इस तरह की और अधिक कॉमिक पुस्तकें विकसित



की जाएंगी। उन्होंने कहा कि सामाजिक सद्भाव और कल्याण विकसित करने के लिए अच्छी कहानियां बेहद महत्वपूर्ण हैं।

उन्होंने भारत की जी-20 अध्यक्षता के समय यूनेस्को के साथ साझेदारी के महत्व और एफएलएन के विषय का भी उल्लेख किया जिसे कॉमिक पुस्तकों की मदद से फैलाया जा सकता है। उन्होंने यूनेस्को से भारतीय कहानियों को फैलाने का आग्रह किया ताकि इससे न केवल भारत के युवाओं बल्कि पूरे विश्व के युवाओं को लाभ हो। उन्होंने कहा, अन्वेषण, प्रयोग और अनुभव बहुत महत्वपूर्ण होने जा रहे हैं। अमृत काल से भारतीय ज्ञान को मार्गदर्शक प्रकाश के रूप में पूरे विश्व में फैलाने की लहर पैदा करनी है। यह कॉमिक बुक राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) और यूनेस्को नई दिल्ली के बीच एक सहयोगात्मक प्रयास है। यह स्कूल स्वास्थ्य और कल्याण कार्यक्रम (एसएचडब्ल्यूपी) के लक्ष्यों को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अप्रैल 2018 में आयुष्मान भारत अभियान के तहत शुरू की गई एसएचडब्ल्यूपी शिक्षा मंत्रालय और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की एक पहल है। इसका प्राथमिक उद्देश्य स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करना, बीमारियों की रोकथाम और शैक्षणिक संस्थानों के भीतर कल्याण केंद्रों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बढ़ाना है।

# न्यूजीलैंड के कृषि मत्री से मिले भारत के कृषि मंत्री

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने दिल्ली में मंगलवार को न्यूजीलैंड के व्यापार एवं निर्यात विकास, कृषि, जैव सुरक्षा, भूमि सूचना व ग्रामीण समुदाय मंत्री डेमियन ओ%कॉनर से मुलाकात की है। यह जानकारी कृषि मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति जारी कर दी। मंत्रालय के अनुसार दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच कृषि सहयोग एवं साझेदारी को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई है।न्यूजीलैंड के कृषि मंत्री और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री तोमर ने भारत व न्यूजीलैंड के बीच संबंधों के महत्व और इसकी निरंतर प्रगति




के बारे में उल्लेख किया। उन्होंने 14 वर्षों के अंतराल के बाद संयुक्त व्यापार समिति को पुन- आरंभ किए जाने के संबंध में प्रकाश डाला और इसकी संरचना के तहत कृषि उत्पादों के लिए बाजार पहुंच के मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने, भारतीय अनार के दानों को बाजार तक पहुंच प्रदान करने और भारत में एमएसएएमबी वीएचटी सुविधा से आम के आयात पर रोक हटाने के लिए न्यूजीलैंड के मंत्री को धन्यवाद दिया। तोमर ने न्यूजीलैंड के मंत्री को वर्ष 2023 अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स (श्री अन्न) वर्ष के रूप में मनाने की भारत की पहल के बारे में जानकारी देते हुए श्री अन्न के स्वास्थ्य और अन्य लाभों को बढ़ावा देने में उनका सहयोग मांगा, जिस पर डेमियन ने सकारात्मक सहयोग की बात कही। दोनों मंत्रियों ने बागवानी के समग्र विकास के लिए, दोनों देशों के बीच सहयोग ज्ञापन (एमओसी) में परिकल्पित साझेदारी की संभावनाओं पर जोर दिया। मंत्रियों ने सतत व जलवायु अनुकूल कृषि प्रणाली विकसित करने के महत्व पर भी चर्चा की। न्यूजीलैंड के मंत्री ने भारत को ग्लोबल रिसर्च एलायंस में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया, जो कृषि पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने पर शोध साझा करने के लिए 67 देशों का गठबंधन है।

## पीएम स्वनिधि से स्ट्रीट वेण्डर की समृद्धि के लिए करें कार्यः केन्द्रीय मंत्री कराड़

**भोपाल।** केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री भागवत कराड़ ने कहा कि पीएम स्वनिधि से स्ट्रीट वेण्डर की समृद्धि के लिए कार्य करने की जरूरत है। नगरीय निकाय और बैंकर्स मिलकर स्ट्रीट वेण्डर्स को स्व-रोजगारी, स्वावलंबी और समृद्ध बनाने के लिये कार्य करें। केन्द्रीय मंत्री भागवत कराड़ मंगलवार को भोपाल प्रवास के दौरान यहां पीएम स्वनिधि की कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भोपाल में हुई जोनल कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। जोनल कॉन्फ्रेंस में राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश सरकार के अधिकारी शामिल हुए। केन्द्रीय मंत्री कराड़ ने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि स्ट्रीट वेण्डर्स को बैंक के चक्कर नहीं लगाने पड़े। उन्हें समय पर लोन मिले। स्ट्रीट वेण्डर्स को लोन देने के बाद बैंकर्स डिजिटल लेन-देन की ट्रेनिंग भी दें। साथ ही यूपीआई साउण्ड बॉक्स भी उपलब्ध कराएं।

उन्होंने बताया कि एक जून 2020 से शुरू हुई पीएम स्वनिधि योजना में अगस्त-2020 में प्रतिदिन पांच हजार रजिस्ट्रेशन हो रहे थे। अब प्रतिदिन 25 हजार हो रहे हैं। उन्होंने राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में पीएम स्वनिधि योजना की प्रगति की समीक्षा कर कहा कि निर्धारित लक्ष्यों को 30 सितम्बर तक प्राप्त करें। कराड़ ने पीएम स्वनिधि योजना में हितग्राहियों- प्रिया जोशी, रवीन्द्र और मुकेश उइके को 50-50 हजार, दीपा को 20 हजार और सोहित पाल को 10 हजार रुपये के लोन का चेक प्रदान किया। उन्होंने हितग्राहियों को यूपीआई साउण्ड बॉक्स भी वितरित किये। उन्होंने स्ट्रीट वेण्डर्स द्वारा लगाई गयी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। बैठक में बैंकर्स और नगरीय निकाय के अधिकारियों की शंकाओं का समाधान भी किया गया।

# जमीअत उलमा-ए-हिंद ने दंगा प्रभावितों के बीच राशन वितरित किया

**नई दिल्ली/गुरुग्राम।** जमीअत उलमा-हिंद ने नूंह दंगों के दौरान पड़ोस के सोहना शहर में हुई हिंसा के प्रभावित परिवारों को डेढ़ सौ राशन किट वितरित किए। इसके साथ ही मस्जिदों के लिए चटाइयां, पवित्र कुरान की प्रतियां और पायदान आदि उपलब्ध कराए। इस अवसर पर वहां मौजूद जमीअत के प्रतिनिधिमंडल ने लोगों से शांति और धैर्य बनाए रखने की अपील की।

ज्ञात हो कि नूंह दंगों में 14 मस्जिदों पर हमले हुए थे, जिनमें से अधिकतर में मुसल्ले (नमाज पढ़ने की चटाई), कुरान-ए-पाक की प्रतियां और बिजली के उपकरणों को आग लगा दी गई थी। कुछ मस्जिदों के ढांचों को भी क्षति पहुंचाई गई थी। जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी के संरक्षण में दस मस्जिदों की मरम्मत का काम जारी है, जिनमें से सोहना की लक्कड़ शाह वाली मस्जिद पुनर्निर्माण के बाद फिर से बहाल की जा चुकी है।

आज सोहना में जमीअत उलमा-ए-हिंद के महासचिव मौलाना हकीमुद्दीन कासमी के कर




कमलों से सोहना के लगभग 150 परिवारों के बीच 25 किलो पर आधारित एक महीने का राशन वितरित किया गया। मौलाना हकीमुद्दीन कासमी ने अपने संबोधन में लोगों पर संयम और धैर्य रखने पर जोर दिया और कहा कि जमीअत उलमा बिना किसी धार्मिक भेदभाव के हर धर्म के प्रताड़ित लोगों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि भारत के सभी नागरिक इसी मिट्टी का हिस्सा हैं और यही हम सब में समानता है। इसलिए सभी को जोड़ना और आपसी सहिष्णुता को बढ़ावा देना जमीअत उलमा का निरंतर प्रयास रहा है। इस अवसर पर जमीअत उलमा-ए-हिंद के प्रतिनिधिमंडल में जमीअत उलमा-ए-हिंद के महासचिव के अलावा मौलाना गय्यूर अहमद कासमी, मौलाना ज़ियाउल्लाह कासमी, मौलाना मोअज्ज़म आरिफी कासमी और जमीअत उलमा दिल्ली से मौलाना अखलाक कासमी सचिव जमीअत उलमा उत्तर-पूर्वी दिल्ली, मुफ्ती आरिफ सचिव जमीअत उलमा मुस्तफाबाद, मुफ्ती मोहम्मद मोहसिन उपाध्यक्ष जमीअत उलमा न्यू मुस्तफाबाद, अमजद करीमी सचिव न्यू मुस्तफाबाद और मौलाना मोहम्मद आमिर रशादी मौजूद थे। स्थानीय जमीअत उलमा से मौलाना मोहम्मद यहया करीमी महासचिव जमीअत संयुक्त पंजाब, मुफ्ती सलीम साकरस, मास्टर कासिम महूं, कारी मोहम्मद असलम बडीडवी, मौलाना नासिर हुसैन जकरिया इटावरी, मौलाना साबिर मज़ाहिरी, हाफिज़ यामीन और इमाम लक्कड़शाह मस्जिद मौलाना ताहिर, इमाम मौलाना जमील वाली मस्जिद मौलाना सुफियान, इमाम बाराखंभे वाली मस्जिद मौलाना कलीम काशिफी भी मौजूद रहे।

# दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर की सुरंग बनाने का काम पूरा

**गाजियाबाद।** दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) कॉरिडोर की सुरंग बनाने का काम मंगलवार को पूरा हो गया। अंतिम सुरंग दो किलोमीटर लंबी है, जो आनंद विहार स्टेशन से साहिबाबाद के बीच बनी है। इसी के साथ आरआरटीएस कॉरिडोर के टनलिंग का कार्य 18 महीने से भी कम समय में पूरा कर लिया गया।एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक विनय कुमार सिंह ने एनसीआरटीसी के निदेशकों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में रिमोट का बटन दबाकर टनल ब्रेकथ्रू की शुरुआत की। सफल ब्रेकथ्रू के साथ ही टनल बोरिंग मशीन बाहर निकल आई। सुदर्शन 4.4 को आनंद विहार में निर्मित लॉन्चिंग शाफ्ट पर टनल बनाने के लिए उतारा गया था, जो अब वैशाली रेट्रीविंग शाफ्ट से बाहर निकल रहा है। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स में बताया कि आरआरटीएस कॉरिडोर की पूरी टनल बनाने के कार्य को 18



महीने से भी कम समय में पूरा किया गया है। देश के पहले आरआरटीएस कॉरिडोर के भूमिगत खंड की कुल 12 किमी की लंबाई में समानांतर सुरंगों को बोर करने के लिए कुल सात अत्याधुनिक सुदर्शन, टनल बोरिंग मशीनों का उपयोग किया गया। आरआरटीएस के सुरंगों के निर्माण के लिए 80,000 से अधिक प्री-कास्ट सेगमेंट का उपयोग किया गया है। इन उच्च परिशुद्धता वाले प्री-कास्ट टनल सेगमेंट्स को कड़कड़डूमा, नई दिल्ली और शताब्दी नगर, मेरठ में स्थापित अत्याधुनिक कास्टिंग यार्ड में बनाया गया। दिल्ली में आनंद विहार भूमिगत रैपिडएक्स स्टेशन से दोनों ओर ट्रेनों के आने-जाने के लिए कुल 4 सुरंगों का निर्माण किया गया है। लगभग 3 किलोमीटर लंबी दो समानांतर सुरंगें आनंद विहार स्टेशन को न्यू अशोक नगर स्टेशन से जोड़ने के लिए हैं जबकि लगभग 2 किलोमीटर लंबी समानांतर सुरंगें आनंद विहार स्टेशन को साहिबाबाद स्टेशन से जोड़ने के लिए बनाई गई हैं। दिल्ली सेक्शन में टनल का निर्माण कार्य एक जटिल और चुनौतीपूर्ण कार्य था। आनंद विहार से साहिबाबाद की ओर जाते हुए भूमिगत टनल औद्योगिक क्षेत्रों की इमारतों के बहुत करीब से गुजर रही है तथा 4 मीटर से 6 मीटर तक के उथले ओवरबर्डन क्षेत्र के नीचे से और हाइटेंशन बिजली केबलों के केवल 0.5 मीटर ऊपर से गुजर रही है। इसी तरह आनंद विहार से न्यू अशोक नगर की ओर की टनल बनाने में इसी तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जब यह मौजूदा मेट्रो वायाडक्ट की पाइलिंग संरचनाओं और यहां तक कि पटपड़गंज और खिचड़ीपुर में गैर-इंजीनियरिंग इमारतों के बेहद करीब से गुजर रही थीं।एनसीआरटीसी 2025 तक दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर को परिचालित करने के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए दिन-रात कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में गाजियाबाद में साहिबाबाद से दुहाई के बीच 17 किमी लंबा प्राथमिकता खंड बनकर तैयार है।

## कहीं से भी तेल खरीदेंगे...भारत की आयात योजनाओं पर बोले हरदीप सिंह पुरी

**नई दिल्ली।** देश के तेल मंत्री ने बुधवार को ब्रॉडकास्टर ईटी नाउ को बताया कि भारत उन सभी स्रोतों से तेल खरीदेगा जो इसे न्यूनतम संभावित कीमतों पर प्रदान करते हैं। पिछले साल यूक्रेन पर हमले के बाद पश्चिम द्वारा आयात पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद से भारत रूस से, जो अब उसका शीर्ष तेल आपूर्तिकर्ता है, रियायती कीमतों पर कच्चा तेल खरीद रहा है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि हम अपने मन में बहुत स्पष्ट हैं कि हम जहां से भी तेल प्राप्त कर सकते हैं, वहां से तेल खरीदेंगे, जब तक कि यह हमारे बंदरगाहों पर हमारे



आयात बिंदु तक न्यूनतम संभव कीमत पर पहुंचाया जाता है। भारत, दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक और उपभोक्ता है, 80 प्रतिशत से अधिक तेल विदेशों से प्राप्त करता है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ रुपये के व्यापार के बारे में पूछे जाने पर मंत्री ने कहा कि तेल क्षेत्र में लेनदेन बहुत न्यूनतम था। दोनों देश जुलाई में डॉलर के बजाय रुपये में व्यापार की सुविधा देने पर सहमत हुए थे। उन्होंने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात के साथ हमारा रुपया-दिरहम समझौता है लेकिन तेल क्षेत्र में लेनदेन बहुत न्यूनतम है।

# दिनेश विकल के गजल संग्रह 'मंजर याद आता है' का हुआ विमोचन एवं चर्चा समारोह

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे ग्वालियर।** सिटी सेंटर स्थित एक निजी गेस्ट हाउस में ग्वालियर के साहित्यकार एवं ग़ज़लकार दिनेश विकल के प्रथम ग़ज़ल संग्रह मंजर याद आता है का विमोचन एवं चर्चा समारोह गत दिवस आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ ग़ज़लकार राम अवध विश्वकर्मा ने की। मुख्य अतिथि डॉ. सुरेश सम्राट व विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ एवं हास्य-व्यंग्य के कवि साजन ग्वालियरी रहे । इस अवसर पर अतिविशिष्ट अतिथि द्वय सुधीर कुशवाह एवं प्रकाश मिश्र मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ साहित्यकार रामचरण ÷रुचिर÷ ने किया। प्रारम्भ में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। सरस्वती वंदना संगीतबद्ध सुमधुर स्वर में सुधीर शर्मा ने प्रस्तुत की।अतिथियों का स्वागत मुकेश शर्मा ,ऋषि शर्मा ,अजय शुक्ला, रवि व्यास ,सुधीर शर्मा ,रामकिशोर शर्मा, एवं सुभाष शर्मा ने पुष्पहार से किया। पुस्तक के परिचय के संदर्भ में रामचरण रुचि ने विषय परिवर्तन किया।मंचासीन अतिथियों द्वारा पुस्तक का विमोचन किया गया। चर्चा सत्र प्रारम्भ करते हुए सुधीर कुशवाह ने दिनेश विकल की पुस्तक को सरल ,सहज एवं भावपूर्ण शब्दावली में प्रस्तुत ÷गजल संग्रह÷ बताया। गजल संग्रह में उनके जीवन के अनुभवों, भारतीय परंपराओं, सैनिकों के लिए सम्मान, राष्ट्रवाद का पूर्णत~ समर्थन करते हुए आकर्षक शब्द शैली में सुसज्जित ग़ज़ल संग्रह ÷मंजर याद आता है÷ का बहुत ही सुंदर ढंग से समीक्षात्मक उद्बोधन दिया। इस अवसर पर उन्होंने उनकी ग़ज़ल के कुछ शेर भी प्रस्तुत किये जो इस प्रकार रहे।

÷ सभी की जिंदगी में दिन भी आते हैं बुढ़ापे के ,तो फिर क्यों कर सभी इससे परेशां होते जाते हैं।÷÷मेरा रिश्ता है अभी मिट्टी से, देशभक्ति अभी बची मुझ में।÷÷हरिक मौसम में फौजी सीमा पर करते निगहबानी ।हो जब भी जंग हंसते-हंसते कुर्बान होते जाते हैं।÷

अगले क्रम में प्रकाश मिश्र ने दिनेश ÷विकल÷ के इस ग़ज़ल संग्रह पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई देते हुए शुभकामनाएं दीं एवं उनके सरल एवं सहज व्यक्तित्व को भी सराहा।अगले क्रम में विशिष्ट अतिथि साजन ग्वालियरी ने दिनेश ÷विकल ÷ की पुस्तक पर एक शेर का उदाहरण देते हुए कहा, ÷मेरा घर भी उसने छुड़ा दिया मुझे नौकरी से हटा दिया ।मेरे खास ने ही दगा दिया है ,मैं हुआ उसी का शिकार हूं।÷बैठे हुए हैं कब से हम टकटकी लगाए। मुड़कर जरा हमें भी एक बार देख लेना। एक अन्य शेर के माध्यम से उन्होंने मानवीय संवेदनाओं को प्रकट करते हुए उदाहरण प्रस्तुत किया।÷उठा कर ले गए कुछ भेड़िए मासूम बच्ची को। न जाने साथ में उसके वहां क्या-क्या हुआ होगा।÷उन्होंने आचरण एवं मानवीय मूल्यों पर भी सटीक शब्दावली का उपयोग करते हुए÷ विकल÷ की सराहना की।÷आचरण गर वो बदलते जायेंगे। रेत के रिश्ते फिसलते जायेंगे।।अगले क्रम में मुख्य अतिथि के रुप में डॉ .सुरेश सम्राट ने अपने समीक्षात्मक विचार प्रस्तुत करते हुए दिनेश ÷विकल÷ की समग्र ग़ज़ल संग्रह पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, यह ग़ज़ल संग्रह मानवीय संवेदनाओं ,सामाजिक सरोकारों से ओत प्रोत होने के साथ ही राष्ट्रीय चिंतन पर सकारात्मक सोच का समर्थन करता है।ज़ल संग्रह की भाषा शैली एवं शिल्प पर भी उन्होंने अपने सकारात्मक विचार प्रस्तुत किये। भविष्य में और अगले सृजन लिए भी उन्होंने शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर दिनेश विकल ने अपनी तीन गजलों की प्रस्तुति दी।

बिन प्यार जिंदगी का कोई मोल मोल नहीं ।
गमगीन जिंदगी में भरो रंग प्यार के ?।।
अब बुढ़ापा पास आने लग गया।

**उम्र सत्तर की दिखने लग गया।।÷**
**कैसे बखान करूं अपने यार के।**
**होता है खुश वो सीने में खंजर उतार के।÷**

**इसी क्रम में दिनेश विकल की सुपुत्री डॉ. आरती शर्मा एवं पुत्र सुधीर शर्मा ने संगीत के स्वर में विकल की ग़ज़लें में प्रस्तुति कीं।जो इस प्रकार रहीं।**

**भुलाने में बेशक ज़माने लगे हैं। मगर गम को हम अब भूलने लगे हैं।।**
**कैसे बखान करूं अपने यार के ।**
**होता है खुश वो सीने में खंजर उतार के।÷**
**छत पर जरूर रात में आएगी चांदनी।**
**दिन काट लो किसी भी तरह इंतजार। के।**

अध्यक्षता कर रहे राम अवध विश्वकर्मा ने विकल जी के ग़ज़ल की सराहना करते हुए उसमें मात्रात्मक भार एवं गुणात्मक रूप से काफिया एवं शिल्प को सही व संतुलित बताया। उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए विकल जी के प्रयास को सराहनीय एवं पाठकों के लिए उपयोगी बताया।उक्त अवसर पर ग्वालियर के वरिष्ठ साहित्यकार घनश्याम भारती, गीतकार राजेश शर्मा,सुरेंद्र पाल सिंह कुशवाहा, डॉ रवींद्र नाथ मिश्र, अमर सिंह यादव आशा पांडेय, अनंगपाल सिंह भदौरिया, डॉ. किंकर पाल सिंह जादौन, राम लखन शर्मा, रमेश चंद्र त्रिपाठी ÷मछंड÷ आदि सहित दिनेश विकल के परिजन, अनेक गणमान्य नागरिक एवं साहित्यकार उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार प्रदर्शन दिनेश ÷विकल ÷ ने किया एवं अल्पाहार के पश्चात् कार्यक्रम का समापन हुआ।

# ग्वालियर भिंड हाईवे पर अपना सुहाग खोया,अपनी उन बहिनों से संघर्ष के संकल्प के साथ समाजसेवियों ने बंधवाई राखी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**भिण्ड** । ग्वालियर भिंड हाईवे के मात्र 30 फीट के रोड पर हमारे जिले



समेत कई अन्य जिलों के हजारों घर उजड़ गए,हमारी सैकड़ो बहिनों के सुहाग उजड़ गए,हाईवे सिक्स लेन की मांग को लेकर कई बार धरना प्रदर्शन, ज्ञापन,केंद्रीय कृषि मंत्री,केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह को ज्ञापन दिए ,पर सरकार टोल कंपनियों के दबब में गंभीरता नहीं दिखा रही हैप्रेस को जारी विज्ञप्ति में समाज सेवी सुनील फौजी ने बताया कि सावन माह के राखी के पावन त्यौहार के अवसर पर जिन बहिनों के सुहाग उजड़े है उन बहिनों के घरों पर जाकर बहिनों से आशीर्वाद लिया तथा राखी बंधवाकर संकल्प लिया अपने जीवन की अंतिम स्वांस तक ग्वालियर भिंड हाईवे सिक्स लेन की लड़ाई लड़ेंगे ,हम लोग सरकार को पहले ही बता चुके है कि अगर हमारी मांगे नहीं मानी गई तो गांव गांव जाकर सरकार के खिलाफ अभियान चलाएंगे , हमारी सभी बहिनों ने सभी समाज सेवी जनों को आशीर्वाद दिया कि ईश्वर हमारे भाइयों का अभियान सफल करे सरकार जल्दी ही ग्वालियर भिंड हाईवे सिक्स लेन की मांग स्वीकार करे,समाज सेवी सुनील फौजी ने बताया की आज गांव गांव बहिनों के घर जानें वालो में हिरेंद्र प्रताप सिंह पुर,महेश शर्मा पचोखरा,गोलू गुर्जर, सोनू बघेल,विष्णु राजावत स्यवाली,हरेंद्र सरपंच बिछोली,सूबेदार राजेश शर्मा ऐं तहर, रिंकू फौजी पिडौरा,रविकांत पराशर महापुर,श्याम राजपूत,बिनोद थापक चंदूपुरा,जल सिंह लोधी,गंगा चरण शर्मा, रामशरण थापक,टाइगर गुर्जर,बिल्लू यादव नालीपुरा,मोनू गुर्जर,कल्लू भदौरिया समेत कई समाज सेवी जन शामिल हुए।

# ग्वालियर का सौंदर्यकरण उत्तरोत्तर जारी, ऐतिहासिक संघर्षों व स्मृतियों की धरा से जुड़े होने पर विश्व में लोकप्रिय है

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे ग्वालियर।** अपने आप में मध्य प्रदेश ही नहीं अपितु भारतवर्ष का एक ऐसा शहर है जिसने अपने अभीतक जीवन काल में अनेक ऐतिहासिक घटनाएं, परिस्थितियां , राजनीतिक, धार्मिक,सांस्कृतिक एवं साहित्यिक घटनाक्रम देखे हैं । वास्तुशिल्प की दृष्टि से महाराज बाड़ा, ग्वालियर के किले में स्थित मानमंदिर, मोती महल, गुरुद्वारा, गूजरी महल, आदि दर्शनीय एवं वास्तुशिल्प के अद्भुत और उत्कृष्ट प्रमाण हैं। महाराज सिंधिया के महल जय विलास पैलेस में स्थित म्यूजियम एवं दरबार हॉल अद्भुत प्रशंसनीय एवं विश्व प्रसिद्ध हैं। धार्मिक दृष्टि से यहां पर सूर्य मंदिर ,कोटेश्वर मंदिर,अचलेश्वर मंदिर , शीतला माता मंदिर आदि हमें धार्मिक रूप से समृद्ध बनाते हैं। ऐतिहासिक दृष्टिकोण से यहां पर महारानी लक्ष्मीबाई का स्मारक, महारानी लक्ष्मी बाई का बलिदान विश्व प्रसिद्ध है, ग्वालियर की धरा से जुड़े होने पर विश्व में लोकप्रिय है। यहां महाराजा मानसिंह तोमर जैसे एवं महाराजा सिंधिया जैसे राजाओं अपनी विश्व प्रसिद्धि के क्रम को जोड़ा है। पूर्व में ग्वालियर,महाराजा सिंधिया कालीन एक स्टेट भी रहा है। यहां विश्व प्रसिद्ध तानसेन की समाधि स्थल और मोहम्मद गौस का मकबरा अपने आप में सैलानियों को आकर्षित करते हैं। यहां प्रतिवर्ष तानसेन समारोह का आयोजन किया जाता है जिसमें मध्य प्रदेश सरकार द्वारा कलाकारों को तानसेन अलंकरण से विभूषित किया जाता है।

वर्ष 1981 में जब मैं मऊरानीपुर, जिला झांसी उत्तर प्रदेश से ग्वालियर में पहली बार आया तो यहां की हर गतिविधि एवं जलवायु ने मुझे प्रभावित किया है। यहां जियाजी कॉटन मिल,रेयन सिल्क, सटील फाउंड्री, सिमको मिल ,आदि जैसी मिलों के कारीगरों की संख्या हजारों में हुआ करती थी। उस समय बिरला नगर में स्थित प्रत्येक घर में तीज त्योहारों पर खुशियां एवं रौनक का वातावरण रहता था। कालांतर में यह मिलें राजनीतिक घटनाक्रमों के कारण बंद होना यद्यपि विकास के क्रम में एक बाधा तो रहा फिर भी वर्तमान में यहां पर हवाई अड्डा, रेलवे स्टेशन का विस्तार रेलवे ओवरब्रिज का विस्तार, नवीन सड़कों का विस्तार ,चारों तरफ हरी-भरी हरियाली, जीवाजी विश्वविद्यालय के द्वारा अनेक पाठ्यक्रम, हरित परिसर, पर्यटन केंद्र, अनेक आकर्षक भवन एवं अटल बिहारी वाजपेई सभागार जैसे भवनों का निर्माण होना विकास का अनूठा उदाहरण है। यहां रहकर मैंने तानसेन नगर के सामने एक शासकीय भवन में जहां डॉक्टर भगवत सहाय महाविद्यालय कुछ ही कमरों में लगता था,वहां अध्ययन करते हुए स्नातक (हिन्दी साहित्य) की उपाधि प्राप्त की। मुझे तत्कालीन हिंदी साहित्य के प्राध्यापक डॉक्टर दिवाकर विद्यालंकार के रूप में प्राप्त हुए। उनसे मैं बहुत प्रभावित रहा ।पत्र लेखन का यहां पर विशेष महत्व रहा है, उस समय संपादक के नाम पत्र लिखकर हम विभिन्न समाचार पत्रों को प्रकाशनार्थ भेजा करते थे। प्रकाशित होते थे। अधिकांश पत्र मेरे दैनिक स्वदेश , दैनिक भास्कर एवं नई दुनिया में प्रकाशित हुए।जो कहीं न कहीं विकास के क्रम में पाठकों के बीच में संबंध में बनाने में बहुत ही कारगर सिद्ध हुए।

ग्वालियर का मेला भी उत्तरोत्तर वृद्धि कर रहा है। चिकित्सा की दृष्टि से यहां पर गजरा राजा मेडिकल कॉलेज जया रोग एवं ट्रॉमा सेंटर ,कैंसर हॉस्पिटल, मनोरोग चिकित्सालय और अत्यंत शोध परक पाठ्यक्रम यहां संचालित होते रहते हैं। ग्वालियर का नाम विश्व में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जीवन काल से भी जुड़ा हुआ है ,उन्होंने मध्य भारती हिन्दी साहित्य सभा, दौलतगंज लश्कर ग्वालियर मैं साहित्य मंत्री एवं वरिष्ठ सभासद के रूप में अपनी काव्य यात्रा प्रारंभ की थी। प्रधानमंत्री रहते हुए उनकी बात संसद में प्रस्तुति के लिए सभी पक्ष एवं विपक्ष मंत्र मुग्ध होकर उनके वक्तव्य को सुनने के लिए आतुर रहते थे। ग्वालियर की साहित्य सभा से अनेक साहित्यकारों ने विश्व भर में अपना स्थान बनाया है। ग्वालियर की साहित्य सभा से जुड़े रहे , वरिष्ठ साहित्यकार शैवाल सत्यार्थी, दामोदर शर्मा, आनंद मिश्रा,प्रकाश मिश्रा, जगदीश तोमर, मुरारी लाल गुप्त गीत राज किशोर वाजपेई, कृष्णकांत शर्मा, आदि ने अपना विशिष्ट योगदान दिया है। सौभाग्यशाली हूं कि आज इसी हिंदी साहित्य सभा का मुझे प्रचार प्रसार मंत्री ÷ के रूप में दायित्व निर्वहन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। प्रत्येक माह अनेक कार्यक्रमों की श्रृंखला यहां से जारी रहती है जिसमें इंगित काव्य गोष्ठी,इंगित बाल गोष्ठी ,महिला साहित्यकार एवं गोष्ठी कथा गोष्ठी ,पाठक मंच , अनेक महापर्वों की जयंती एवं संभागीय एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद आदि के कार्यक्रम यहां संचालित होते हैं। वर्तमान में मध्य प्रदेश शासन द्वारा 7 करोड़ की राशि सिटी सेंटर के नवीन हिन्दी साहित्य सभा भवन को आवंटित की गई है। जिसका भूमि पूजन गत माह मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, व नरेंद्र सिंह तोमर के द्वारा के कर कमलों द्वारा किया गया। यहां राष्ट्रोत्थान न्यास से अखिल भारतीय साहित्य परिषद के संगठन मंत्री श्रीधर पराड़कर जी इस गुरुत्ववर दायित्व का सफल निर्वहन कर रहे हैं।

सफाई एवं शुद्ध वातावरण को निर्मित करने हेतु यहां पर नियमित नगर निगम के द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है जिसमें अब चारों ओर हमारा ग्वालियर एक उत्कृष्ट एवं विकसित शहर के रूप में अपना परचम लहरा रहा है।

# वीरेंद्र रघुवंशी के इस्तीफे पर सिंधिया बोले - चुनाव आते ही आवागमन होते हैं



मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी को एक बड़ा झटका लगा है जब उनके विधायक बीरेंद्र रघुवंशी ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। विधायक बीरेंद्र रघुवंशी ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया समर्थक मंत्री नेता और जिले के प्रभारी मंत्री महेंद्र सिसोदिया पर बहुत ही गंभीर आरोप लगाएं है। वही दो दिवसीय ग्वालियर दौरे पर पहुंचे ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बीजेपी विधायक रघुवंशी के इस्तीफे को एक सामान्य घटना बताया है7 उन्होंने कहा कि चुनाव आते हैं तो आवागमन होता रहते है। हर व्यक्ति का अधिकार है कि वो अपना भविष्य का मार्ग तय करें यही तो लोकतंत्र है।बता दें कि केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया दो दिवसीय दौरे पर ग्वालियर पहुंचे थे, जहा उन्होंने मीडिया से बात करते हुए मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार द्वारा प्रदेश में और खासकर ग्वालियर चम्बल संभाग में कराये जा रहे विकास कार्यों की एक बार फिर तारीफ की है, सिंधिया ने दावा किया कि जो विकास कार्य भाजपा सरकार के शासनकाल में हुए है वो कांग्रेस की सरकार में संभव ही नहीं थे। सिंधिया ने कहा कि ग्वालियर में बन रहे एयरपोर्ट में हम इतिहास रचेंगे, इसका शिलान्यास 16 अक्टूबर 2022 को अमित शाह ने किया था और हम इस साल के अंत तक इसे जनता को समर्पित कर देंगे जो एक रिकॉर्ड होगा

# बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को मिलेगी घर पर ही वोट डालने की सुविधा

**ग्वालियर** । चलने-फिरने में असमर्थ बुजुर्गों व दिव्यांग मतदाताओं के वोट डलवाने के लिये मतदान दल घर-घर पहुँचेंगे। मतदान की इस प्रक्रिया के दौरान माइक्रो ऑब्जर्वर और सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल भी साथ में रहेगा। बुजुर्गों व दिव्यांगों के लिये उनके घर पर ही होने जा रही मतदान की इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जायेगी। इस आशय की जानकारी आगामी विधानसभा आम चुनाव के मद्देनजर गुरूवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय कुमार सिंह की मौजूदगी में आयोजित हुई गूगल मीट में दी गई। गूगल मीट में मतदान प्रतिशत ब?ाने को लेकर बनाई जा रही विशेष रणनीति पर गहन विचार मंथन हुआ। साथ ही जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारी व सहायक रिटर्निंग अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को डाक मत पत्र एवं दिव्यांगों व बुजुर्ग मतदाताओं के घर पर वोट डलवाने की प्रक्रिया से संबंधित प्रशिक्षण भी दिया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय कुमार सिंह ने गूगल मीट में कहा कि हमारी रणनीति ऐसी हो, जिससे जिले के सभी बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि चलने ङ्क फिरने मे असमर्थ शतप्रतिशत बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को चिन्हित करें। साथ ही यदि वे अपने घर पर ही मताधिकार का उपयोग करना चाहते हैं तो उनके घर पर ही भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार मतदान दल भेजकर उनके वोट डलवाए जाएँ। गूगल मीट में अपर कलेक्टर श्रीमती अंजू अरूण कुमार व टी एन सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एल के पाण्डेय, जिले के सभी एसडीएम व तहसीलदार (आरओ व एआरओ), चुनाव संबंधी विभिन्न कार्यों के नोडल अधिकारी एवं प्रदेश स्तरीय



मास्टर ट्रेनर एस बी ओझा सहित अन्य संबंधित अधिकारी शामिल हुए। मास्टर ट्रेनर एस बी ओझा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चिन्हित दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाता के घर मतदान दल वोट डलवाने पहुँचेगा। यदि पहली बार में बुजुर्ग या दिव्यांग किसी कारणवश घर पर नहीं मिलते हैं तो मतदान दल दूसरी बार आने की तिथि की सूचना छो?कर आयेगा और निर्धारित तिथि पर पुन~ वोट डलवाने पहुँचेगा। मतदान दलों सहित अन्य प्रकार की चुनाव ड्यूटी में संलग्न होने वाले सभी शासकीय सेवकों डाक मत पत्र के माध्यम से वोट डाल सकें, इसके लिये जिला प्रशासन द्वारा विशेष तैयारी की जा रही है। सभी शासकीय सेवकों को समय पर फॉर्म-12 उपलब्ध कराए जायेंगे, जिससे वे डाक मत पत्र के लिये अपना अवेदन कर सकें। इसी तरह मतदान दलों के आवागमन तथा चुनाव संबंधी अन्य कार्यों में उपयोग में लिए जाने वाले वाहनों के चालक, परिचालक व हेल्पर इत्यादि भी वोट डाल सकें, इसको लेकर भी विशेष रणनीति बनाई जा रही है। गूगल मीट में कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने अभी से डाक मत पत्र संबंधी तैयारी करने के निर्देश दिए।

**ईपी व जेंडर रेशियो सुधारने पर विशेष जोर** –कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय कुमार सिंह ने हर मतदान केन्द्र की मतदाता सूची में ईपी व जेंडर रेशियो को बेहतर करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा बीएलओ घर-घर जाकर छूटी हुई सभी महिलाओं सहित अन्य सभी मतदाताओं के नाम जो?ने का काम करें। उन्होंने सभी रजिस्ट्रीकरण व सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

**घर पर वोट डालने के इच्छुक बुजुर्ग व दिव्यांग अपने नाम बीएलओ को बताएँ** –कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय कुमार सिंह ने कहा है कि घर-घर सर्वे के माध्यम से चलने-फिरने में असमर्थ दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं को चिन्हित किया जा रहा है। उन्होंने अपील की है कि इसके बाद भी यदि कोई बुजुर्ग या दिव्यांग मतदाता छूट जाता है तो वह अपना नाम व पता संबंधित बीएलओ को जरूर नोट कराए, जिससे उन्हें घर पर ही मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके

# विमानन उद्योग में संभावना एवं निवेश प्रोत्साहन के उद्देश्य से मध्यप्रदेश में 20 इंटरनेशनल एयरोस्पेस कांफ्रेंस आयोजित हो रही है

**ग्वालियर** । विमानन उद्योग में संभावना एवं निवेश प्रोत्साहन के उद्देश्य से मध्यप्रदेश में 20 इंटरनेशनल एयरोस्पेस कांफ्रेंस आयोजित हो रही है। यह आयोजन 1 व 2 सितम्बर को ग्वालियर के होटल रेडीसन में होगा। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एक सितम्बर को प्रात~ 10.15 बजे इस कॉन्फ्रेंस का उदघाटन करेंगे। 20 इंटरनॅशनल एयरोस्पेस कांफ्रेंस भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा नागर विमानन मंत्रालय की सहभागिता से आयोजित किया जा रहा है। एयरोस्पेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश के औद्योगिक नीति और निवेश संवर्धन विभाग के मंत्री श्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव भी भाग लेंगेकेन्द्रीय मंत्री सिंधिया कांफ्रेंस को संबोधित करेंगे। साथ ही एयरोस्पेस सेक्टर के वैश्विक उद्योगपतिओं के साथ



परिचर्चा भी करेंगे। भारत सरकार के नागर विमानन मंत्रालय के सचिव चंचल कुमार एयरोस्पेस कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन सत्र में मौजूद रहेंगे। कांफ्रेंस में 35 से ?्यादा उद्योगपति, नीती विशेषज्ञ एवं त्न20 देशों के प्रतिनिधि वक्ता के रूप में सम्मिलित होकर मुख्या विषयों पर परिचर्चा करेंग। साथ ही देश विदेश से 250 से ह्व मोबिलिटी से प्रतिनिधि कांफ्रेंस को सम्बोधित करेंग। कांफ्रेंस के पहले दिन उड्डयन क्षेत्र में नवाचार, सशक्त उत्पादन एवं इस क्षेत्र में महिलाओं की प्रतिभागिता एवं एयरोस्पेस में आधुनिक तकनीकों की आवयश्यकता पर परिचर्चा की जाएगी। साथ ही पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप को ब?ावा देने हेतु विभिन्न सत्र आयोजित किए जायेगे। यह समारोह ऐसे समय पर हो रहा है जब भारत एयरस्पेस क्षेत्र में उत्पादन, प्रतिरोधकता और प्रतिस्पर्धा में वृद्धि पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। विशेष रूप से विनिर्माण क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, ÷वुमन इन एविएशन÷ पर एक फायरसाइड चैट आयोजित की जाएगी। सीआईआई की एयरोस्पेस नेशनल कमेटी के अध्यक्ष और बोइंग इंडिया के प्रमुख श्री सलिल गुप्ते सत्र के दौरान सीआईआई नेशनल कमेटी ऑन सिविल एविएशन की सह-अध्यक्ष और ब्लू डार्ट एविएशन के प्रबंध निदेशक श्रीमती तुलसी मीरचंदानी के साथ बातचीत करेंगे।कांफ्रेंस में वैश्विक एयरोस्पेस उद्योग द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए उभरते अवसरों और रोडमैप पर चर्चा की जाएगी, विशेष रूप से कोविड महामारी के बाद हासिल की गयी सीखों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।




स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478